आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 15 अंक 225- • जबलपुर • गुरुवार, 16 सितम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष -10 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935




पिछले सत्र में रिकॉर्ड स्तर पर बंद होने के बाद आज सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार उच्चतम स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने पहली बार 59 हजार का स्तर छुआ। सेंसेक्स 59042.77 और निफ्टी 17,597.85 पर पहुंच गया।

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# अब नहीं होगा विनाशाय च दुष्कृताम उद्घोष

## आयुध निर्माणी का अस्तित्व मात्र 15 दिन और, एक अक्टूबर से 7 आयुध निगमों की होगी शुरुआत

**जबलपुर, यशभारत।** आजादी के पहले से करीब सवा दो सौ वर्षों से पहली आयुध निर्माणी काशीपुर कोलकाता से शुरू हुआ आयुध निर्माणी बोर्ड का अस्तित्व अब केवल 15दिन और रहेगा इसके बाद ओएफबी के तहत आने वाली 41 आयुध निर्माणियां 7 निगमों मे तब्दील हो कर नये रूप में अवतरित होकर नई कार्य संस्कृति के साथ काम करना शुरू देंगी।

जानकारी के अनुसार यद्यपि नये बनाए गए निगमों की अधिसूचना जारी नहीं की गई है ।लेकिन रक्षा मंत्रालय के अधीन इसका कार्य बड़ी तेजी से जारी है ।निगमों का लेखाजोखा कैसे करना है इसकी तैयारियां शुरू की जा चुकी हैं ।इसके साथ किस प्रकार से लेखा जोखा के खाते कैसे करना है इसका ढांचा भी तैयार कर कर्मचारियों अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये जा चुके हैं।




प्राप्त जानकारी के अनुसार यह अनंतिम रूप से तय लिया गया है एक अक्टूबर से आयुध निर्माणी बोर्ड के नाम के तहत अब कोई पत्राचार नहीं होगा न ही उसका लोगो और उद्घोष वाक्य विनाशाय च दुष्कृताम का उपयोग किया जाएगा ।अब आयुध निर्माणियों के पत्राचार संबंधित सात निगमों के नाम से होगा और उनके सभी पत्र और दस्तावेजों में उनका नाम और लोगो अंकित रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बनाए गये 7निगमों के सर्वाधिक तीन मुख्यालय कानपुर में बनाये गए हैं। जबकि पूणे अंबाझरी नागपुर चैन्नई देहरादून मे बनाए गए हैं ।जैसी कि जानकारी मिली है इन निगमों के बनाए गए सीएमडी निगम संचालन के लिए बार बार सुरक्षा उत्पादन विभाग के लिए जैसे ही सूचना मिलती है चर्चा के अचानक दिल्ली पंहुच रहे हैं।




## हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटाई

देहरादून। उत्तराखंड हाईकोर्ट में चारधाम यात्रा पर लगी रोक हटा दी है। गुरुवार को इस मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यात्रा पर लगाई रोक के 28 जून के निर्णय को वापस ले लिया है। कोर्ट ने कोविड के नियमों का पालन करते हुए चारधाम यात्रा शुरू करने के आदेश दे दिए हैं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कहा कि कोरोना संक्रमणअब नियंत्रण में है। ऐसे में यात्रा से रोक हटाई जाए।

## क्विक अपडेट



### आप की सरकार बनी तो 3 सौ यूनिट फ्री बिजली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेन्स करते हुए बड़ा एलान किया है। सिसोदिया ने कहा कि अगर यूपी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो प्रदेश की जनता को 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। इस पर मनीष सिसोदिया ने इसे ट्वीट भी किया कि उत्तर प्रदेश में महंगी बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने के सम्बंध में एक महत्वपूर्ण घोषणा है कि आप सरकार बनने के 24 घंटे के अंदर हर आदमी को घरेलू उपयोग के लिए 300 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी।

### सीतारमण की प्रेस कॉन्फ्रेंस आज, बैड बैंक से जुड़ी बड़ी घोषणा संभव

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज शाम पांच बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। इस दौरान बैड बैंक प्रस्ताव से जुड़ी बड़ी घोषणा हो सकती है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बैड बैंक को सरकारी गारंटी के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। दरअसल अप्राप्य ऋण के समाधान के लिए बैड बैंक बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। भारतीय बैंक संघ को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उसका आकलन है कि सरकारी गारंटी करीब 31,000 करोड़ रुपये होनी चाहिए। बैड बैंक या राष्ट्रीय संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी स्वीकृत ऋण राशि का 15 फीसदी नकद देगा। शेष 85 फीसदी राशि सरकारी गारंटी वाली प्रतिभूति होगी।

### सरकार को नागवार गुजरा सड़क पर युवती का डांस, मामला दर्ज

**इंदौर।** इंदौर में रसोमा चौराहे की जेब्रा क्रासिंग पर मंगलवार दोपहर डांस कर वीडियो वायरल करने वाली माडल श्रेया कालरा के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। माडल ने इंटरनेट मीडिया पर रसोमा चौराहे पर डांस का वीडियो वायरल करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की थी, लेकिन पुलिस ने इसे पब्लिसिटी स्टंट माना। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने वायरल वीडियो पर कहा था कि युवती की भावना जो भी हो, लेकिन तरीका गलत है। ऐसी हरकतें आगे न हो, कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# सेंट्रल विस्टा पर पीएम ने विपक्ष को घेरा, बोले सच सामने आते ही हो गए चुप

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बने रक्षा मंत्रालय के दो नए कार्यालयों का उद्घाटन किया। ये रक्षा कार्यालय परिसर दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग और अफ्रीका एवेन्यू में हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल विपिन रावत (सीडीएस) और सशस्त्र बलों के प्रमुख शामिल रहे। इस मौके पर पीएम मोदी ने अधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में आज हम देश की राजधानी को नए भारत की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुसार



विकसित करने की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहे हैं। नया डिफेंस ऑफिस कॉम्प्लेक्स हमारी सेनाओं के काम काज को अधिक सुविधाजनक, अधिक प्रभावी बनाने के प्रयासों को और सशक्त करने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जब भारत की सैन्य ताकत को हम हर लिहाज से आधुनिक बनाने में जुटे हैं, आधुनिक हथियार से लेस करने में जुटे हैं, सेना की जरूरत की खरीद तेज हो रही है, तब देश की रक्षा से जुड़ा कामकाज दशकों पुराने तरीके से हो, ये कैसे संभव हो सकता है?

# ट्रैक्स जीप ने आटो को मारी टक्कर, 5 की मौत

**राजगढ़।** सुबह के समय राजगढ़ के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार ट्रैक्स जीप सामने से आ रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्?त थी कि आटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह के समय तीन अलग अलग गांवो हिरनखेड़ी, अभयपुर व कलालपुरा के छह ग्रामीण एक अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजगढ़ के समीपस्थ मोहनपुरा बांध की पुनर्वास कालोनी में आ रहे थे। तभी रास्ते में हिरनखेड़ी व राजगढ़ के बीच मे तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्स वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे आटो में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कलालपुरा के मोरसिंह, हिरनखेड़ी की संतरीबाई पति कन्हैया लाल, अभयपुरा के कन्हैया लाल, हिरनखेड़ी के पन्नालाल व अभयपुरा की पार्वती पति मांगीलाल शामिल हैं। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और एंबुलेंस बुलाकर हादसे में हताहत हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया। एसपी प्रदीप शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे।





### दिल्ली: मायापुरी की फैक्टरी में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मायापुरी फेज-2 इलाके में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग से पूरे इलाके में धुआं-धुआं हो गया है। आग लगते ही घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद दमकल की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य कर रही हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अभी यह भी पता नहीं चल सका है कि यह आग कैसे लगी है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह 9.30 बजे आग लगने की सूचना मिली एक-एक कर 22 गाड़ियां पहुंची।

# अब केबिनेट ने चौंकाया

## बड़ा फैसला: रूपाणी के सभी मंत्रियों की छुट्टी

**गांधीनगर।** गुजरात में भूपेंद्र पटेल की अगुवाई वाली सरकार के मंत्रियों का शपथ-ग्रहण हो गया है। है। गांधीनगर स्थित राजभवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राज्य के नए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल को शपथ ग्रहण कराई। अब तक शपथ लेने वालों में नरेश पटेल शामिल हैं। नरेश पटेल गणदेवी विधानसभा सीट से विधायक हैं। साथ ही ऋषिकेश पटेल ने मंत्रीपद की शपथ ली है जो मेहसाणा जिला के बीजेपी अध्यक्ष हैं। ऋषिकेश जीतू वाघणी गुजरात के नए मंत्री बने हैं, जो भावनागर पश्चिम सीट से विधायक हैं। इसी तरह मोहनभाई डोडिया ने भी मंत्रीपद की शपथ ली है। राजेंद्र त्रिवेदी ने मंत्री पद की शपथ ली है जो वडोदरा के रावपुरा सीट से विधायक हैं। राजेंद्र त्रिवेदी रुपाणी सरकार में खेल मंत्री रह चुके हैं। इसी तरह लिमड़ी विधानसभा सीट से विधायक किरीट सिंह राणा ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। भावनगर से विधायक जीतू वाघणी भी मंत्री बनाए गए हैं। ये 2016 में गुजरात भजपा के अध्यक्ष बने थे।



### निमा आचार्य बनीं विधानसभा स्पीकर

गुजरात में गुरुवार को ही नई विधानसभा अध्यक्ष भी बनाई गई हैं। वहीं राजेंद्र त्रिवेदी ने विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर मंत्री पद की शपथ ली है।इससे पहले जिन विधायकों को मंत्री बनाया जाना था, उन्हें सुबह से सूचना दे दी गई थी। जिन विधायकों के पास फोन पहुंचे थे, उनमें से अधिकांश अब तक मंत्री नहीं बने थे। वहीं विजय रूपाणी सरकार का कोई मंत्री ऐसा नहीं था, जिसको फोन किया गया हो। इसीलिए माना जा रहा था कि यह ऐतिहासिक शपथ ग्रहण हो सकता है और हुआ भी ऐसा।

### ये 24 मंत्री

1. राजेंद्र त्रिवेदी
2. जितेंद्र वघानी
3. ऋषिकेश पटेल
4. पूर्णश कुमार मोदी
5. राघव पटेल
6. उदय सिंह चव्हाण
7. मोहनलाल देसाई
8. किरीट राणा
9. गणेश पटेल
10. प्रदीप परमार
11. हर्ष सांघवी
12. जगदीश ईश्वर
13. बृजेश मेरजा
14. जीतू चौधरी
15. मनीषा वकील
16. मुकेश पटेल
17. निमिषा बेन
18.अरविंद रैयाणी
19. कुबेर ढिंडोर
20. कीर्ति वाघेला
21. गजेंद्र सिंह परमार
22.राघव मकवाणा
23. विनोद मरोडिया
24.देवा भाई मालव

## सोनू सूद के घर फिर पहुंची आयकर विभाग की टीम, खंगाले जा रहे कमाई और खर्च से जुड़े कागजात

**मुंबई।** बुधवार को सोनू सूद से जुड़े 6 परिसरों में सर्वे करने के बाद आयकर विभाग की टीम आज सुबह दोबारा एक्टर के घर पहुंची है। खबरों की मानें तो आयकर विभाग के अधिकारी सोनू सूद के अकाउंट बुक से लेकर कमाई और खर्च जैसे तमाम आर्थिक दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। सोनू सूद के घर किए जा रहे सर्वे पर आम आदमी पार्टी ने नाराजगी जताई है। जानकारी के मुताबिक ये सर्वे लखनऊ के बड़े कारोबारी अनिल सिंह से जुड़ा हुआ है। हाल ही में अनिल सिंह के दफ्तर पर भी इनकम टैक्स का छापा पड़ा है। सोनू सूद और अनिल सिंह कारोबार में पार्टनर बताए जा रहे हैं। आयकर विभाग की टीम उन सभी संस्थाओं की जांच कर रही है, जो सोनू सूद से जुड़े हुए हैं। सोनू सूद सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं हालांकि उन्होंने आयकर विभाग के इस सर्वे को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री इस सर्वे से नाराज दिखाई दिए। उन्होंने ट्वीट कर कहा- सच्चाई के रास्ते पर लाखों मुश्किलें आती हैं, लेकिन जीत हमेशा सच्चाई की ही होती है। सोनू सूद जी के साथ भारत के उन लाखों परिवारों की दुआएं हैं जिन्हें मुश्किल घड़ी में सोनू जी का साथ मिला था।



## टी-20 विश्व कप बाद भारत का न्यूजीलैंड दौरा स्थगित



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को टी-20 विश्व कप के बाद नवंबर में न्यूजीलैंड दौरे पर जाना है। इस टूर के दौरान टीम इंडिया कीवियों के खिलाफ दो टेस्ट और तीन टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी। दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। लेकिन अब खबर आ रही है कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस दौरे को स्थगित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रवक्ता ने दौरे को रद्द करने की पुष्टि की है। हालांकि अभी तक बीसीसीआई और क्रिकेट न्यूजीलैंड की तरफ से दौरे को स्थगित किए जाने का कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की है कि टीम इंडिया इस सीजन में फ्यूचर टूर प्रोग्राम के हिसाब से न्यूजीलैंड दौरे पर नहीं आएगी, भारत के इस दौरे को 2022 तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिली दुष्कर्म-हत्या के आरोपी की लाश मंत्री ने दो दिन पहले दी थी एनकाउंटर की धमकी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद जिले में 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। हैदराबाद पुलिस ने कहा कि रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला है, जो दुष्कर्म के आरोपी का है। तेलंगाना के डीजीपी ने इसकी पुष्टि कर दी है। मंगलवार को तेलंगाना के मंत्री ने कहा था कि आरोपी को एनकाउंटर करावा देंगे। मंत्री के बयान के दो दिन बाद आरोपी का शव रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ है। हालांकि, सरकार की ओर से किसी तरह की मुठभेड़ नहीं होने की बात कही है। दरअसल, वारनगल में रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला. जब पुलिस यहां पर पहुंची, तब उसने शव की जांच की और हाथ पर बने टैटू के आधार पर ये पाया कि ये सैदाबाद दुष्कर्म और हत्या घटना का आरोपी ही है। हैदराबाद सीपी अंजिनी कुमार के मुताबिक, अभी तो ये वही आरोपी लग रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकती है। वहीं, तेलंगाना के डीजीपी ने इसकी पुष्टि कर दी कि यह वहीं आरोपी है जिसने 6 साल की बच्ची के साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया।हैदराबाद के सैदाबाद में 9 सितंबर को छह साल की बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी थी।

## भाजपा ने गंगाजल से शुद्ध किया मार्ग, आगबबूला कांग्रेस



**कटड़ा।** कांग्रेस सांसद एवं वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की श्री माता वैष्णो देवी यात्रा के उपरांत कटड़ा के मुख्य स्थानों पर गंगाजल का छिड़काव करने पर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा से माफी मांगने को कहा है। बुधवार को प्रेसवार्ता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने गंगाजल का अपमान किया है। जूते और चप्पल पहनकर गंगाजल का छिड़काव किया गया। इतना ही नहीं राहुल गांधी के आने पर भाजपा की ओर से कटड़ा की धरती को अपवित्र करार दिया गया, जोकि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। पार्टी के नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सांसद कटड़ा में सिर्फ माता के दर्शनों के लिए आए थे, जहां उन्होंने राजनीति से जुड़ी कोई भी बात नहीं की।




# घाटी में अब 4 आतंकी, पर नशे की गिरफ्त में लड़किया

**श्रीनगर।** जम्जम्मू-कश्मीर पुलिस के कश्मीर रेंज के आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में पुलिस नशेड़ियों पर भारी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि युवतियां भी इस दलदल में फंस रही हैं। यह समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। श्रीनगर में आतंकियों को लेकर उन्होंने कहा कि यहां केवल चार आतंकी सक्रिय हैं। आईजीपी ने श्रीनगर के पोलो-ग्राउंड में इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में खेल आयोजन के दौरान मीडिया से बात करते हुए यह बात बताई। आईजीपी ने कहा कि पुलिस नशीली पदार्थों के धंधे में लगे लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस इस नशे की लत को



खत्म करने के लिए माता-पिता और आम जनता से सहयोग मांगेंगे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां व्यक्तित्व विकास सुनिश्चित करती हैं और यह प्रतिभागियों के बीच सुरक्षा और सकारात्मक भावनाओं की भावना पैदा करती है। आईजीपी ने आश्वासित किया कि पुलिस द्वारा भी भविष्य में ऐसे आयोजन कराए जाएंगे। आतंकवाद और ग्रेनेड हमलों के बारे में सवालों के जवाब में, आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में चार आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल अगस्त में हमने श्रीनगर शहर को जीरो-मिलिटेंसी क्षेत्र घोषित किया था, लेकिन सितंबर के पहले सप्ताह में कुलगाम का एक आतंकी अब्बास श्रीनगर आ गया था। सबसे पहले उसने साकिब मंजूर को अपने साथ मिला लिया। इसके बाद सात लोग आतंक बन गए पांच को मार गिराया गया है।

## प्रबंधक के घर से मिला 50 तोला सोना, 20 लाख नकद



रतलाम। झाबुआ जिले की देवझिरी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक भारत सिंह हाड़ा के रतलाम में डोंगरे नगर के समीप शुभम कालोनी स्थित घर पर लोकायुक्त इंदौर की टीम ने गुरुवार अलसुबह छापा मारा। शुरुआती जांच में दल को वहां से 50 तोला सोना, एक किलो से अधिक चांदी के जेवर 20 लाख रुपए नगद, दो मकान और दो कृषि भूमि के दस्तावेज मिले हैं। एक टीम झाबुआ में भी कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार इंदौर लोकायुक्त टीम के डीएसपी संतोष सिंह भदोरिया व प्रवीण सिंह बघेल के नेतृत्व में करीब एक दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों का दल वाहनों से गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे रतलाम पहुंचा। दल ने हाड़ा के शुभम कालोनी स्थित निवास पर जाकर कार्रवाही शुरू की। घर पर हाड़ा तो नहीं मिले लेकिन उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। दल ने परिवार के सदस्यों से विभिन्न प्रकार की जानकारी ले रहा है ।प्रारंभिक सर्वे में करीब 50 तोला सोना के जेवर, एक किलो से अधिक चांदी के जेवर, 20 लाख रुपए नगद, दो मकानों व दो कृषि भूमि के दस्तावेज़ अब तक जप्त किए गए है।

# जी है तो जहान है



## डेंगू का कहर, लापरवाही न बरतें

जबलपुर। मध्यप्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच कई जिलों में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश में इस साल डेंगू मरीजों की संख्या 3 हजार के पार पहुंच गई है। जबलपुर, में मरीजों की बड़ी संख्या मिल रही है। जानकारों का कहना है कि सरकारी आंकड़ों से दोगुने लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। वहीं लापरवाही लोगों की जान ले रही है। शहर के हर गली कूचे में लोग बीमार हैं किसी को वायरल किसी को चिकनगुनिया तो किसी को डेंगू ने घेर रखा है लोग घर पर ही रह कर इलाज करा रहे हैं क्योंकि अस्पतालों में जगह नहीं बची है इसके अलावा लोग देसी नुख्सा आजमा रहे हैं जो उनकी जान पर भारी पड़ रहा है। कई की तो प्लेटलेट्स घट रही है उसके बाद भी मैं घर में घरों में ही रहकर इलाज करा रहे हैं जबकि उन्हें अस्पताल में भर्ती हो जाना चाहिए यह लापरवाही उनकी जान पर भारी पड़ रही है डेंगू के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डेंगू से जंग, जनता के संग अभियान की शुरुआत की । इसमें जनता ही सहभागिता के साथ डेंगू को नियंत्रित किया जाएगा। इधर, बुधवार को शहर में डेंगू के 15 नए मरीज सामने आए। जिसके बाद डेंगू मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 433 हो गई। यहां एक महिला कांस्टेबल व एकयुवक की मौत डेंगू से हो चुकी है घमापुर क्षेत्र निवासी एक युवक की डेंगू से मौत हो गई। युवक को मंगलवार देर रात एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल पहुंचते ही उसे कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली वेंटीलेटर पर रखा गया। कुछ देर तक चले उपचार के दौरान युवक की सांसें टूट गईं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर निवासी नरेंद्र सिंह पटेल 39 वर्ष कुछ दिनों से बीमार थे। जिनका उपचार घंटाघर के समीप स्थित डॉ. रजा के अस्पताल के चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा था। इस दौरान नरेंद्र की हालत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर हो जाने पर स्वजन उन्हें एक अन्य निजी अस्पताल ले गए। जहां पहुंचते ही उन्हें वेंटीलेटर पर रखना पड़ा। युवक एक होटल में मैनेजर था।

## डेंगू पर प्रहार अभियान के तहत निकाली गई रैली

*जबलपुर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आव्हान पर बुधवार से जबलपुर जिले में भी डेंगू पर प्रहार अभियान की शुरूआत हुई। जिला चिकित्सालय से डेंगू की रोकथाम एवं बचाव के उपायों से आमजनता को जागरूक करने महारैली निकाली गई। रैली को विधायक द्वय अशोक रोहाणी एवं विनय सक्सेना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जीएस ठाकुर, जय सचदेवा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्नेश कुररिया, डॉ. पकंज ग्रोवर, डॉ. सी.बी. अरोरा, डॉ. डी.जे. मोहन्ती, डॉ. राकेश पहारिया, योगेन्द्र दुबे, अनिल बारी, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील आदि मौजूद थे।



### एक हजार 320 घरों का हुआ सर्वे

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार डेंगू की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत आज बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में एक हजार 320 घरों में लार्वा सर्वे का कार्य किया गया। इस दौरान 6 हजार 284 कंटेनरों में लार्वा की जांच की गई और 56 घरों के 67 कंटेनरों में लार्वा पाये गये।जिला मलेरिया अधिकारी के अनुसार डेंगू की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत जनसमुदाय को लार्वा की पहचान एवं विनष्टीकरण के बारे में बताया गया। इस दौरान बुखार से पीड़ित 764 व्यक्तियों की रक्त पट्टी एवं आरडी किट के द्वारा जांच की गई। जांच में किसी को भी मलेरिया पॉजिटिव नहीं पाया गया।

### निगमायुक्त सड़कों पर उतरी स्वास्थ्य विभाग की टीमें

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुसार आज संभागीय कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी 16 संभागों के अंतर्गत डेंगू पर प्रहार करने छिड़काव का महाभियान चलाया गया। इस अभियान में शहर के सम्मानीय जनप्रतिनिधियों निगमायुक्त संदीप जी.आर. के अलावा, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सुपरवाईजर्स आदि शामिल होकर नागरिकों के बीच जनजागरूकता रैली तथा संदेशों का प्रसारण किया और संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए समझाईश भी दी गयी। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह एवं मलेरिया प्रभारी डॉ. राकेश पहारिया ने बताया कि सभी अधिकारी पदाधिकारी ने बड़ी संख्या में आम नागरिकों को संदेश दिया कि डेंगू, चिकनगुनिया एवं मच्छरजनित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतना ही एक उपाय है। इस अभियान में बढ़ी संख्या में शहर के नागरिकों की भी भागीदारी रही जिन्होंने निगमायुक्त संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संचालित डेंगू पर प्रहार महाभियान की सराहना की।

# जबलपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट

जबलपुर,यशभारत। विदा होता मानसून अब अपने तेवर दिखा रहा है। जबलपुर सहित प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी है। महाकोशल क्षेत्र में देर रात से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो रुक रुक कर जारी है। अंचल में बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल गए। इस बारिश से फसलों को मानो नए प्राण मिल गए हैं। हालांकि इससे आबादी वाले इलाकों में समस्याएं भी हुईं। मौसम विभाग ने कई जिलों में आरेंज अलर्ट जारी किया है, वहीं जबलपुर समेत 28 जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और हल्की बारिश होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ और उससे लगे मप्र में बना अवदाब



का क्षेत्र बुधवार को गहरे कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील होकर मप्र में प्रवेश कर गया। इसके अतिरिक्त अलग-अलग स्थानों पर बने तीन वेदर सिस्टम के प्रभाव से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से बड़े पैमाने पर नमी आ रही है जो झमाझम बारिश कराएगी। जिन 28 जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है उनमें जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, पन्ना, दमोह भी शामिल हैं। वहींजबलपुर, शहडोल, सागर, में बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। समाचार लिखे जाने तक जबलपुर में 56.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। एक जून से अब तक समाचार लिखे जाने तक 611.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जो गत वर्ष के मुकाबले 375.3 मिली मीटर कम है। शहर में बुधवार से शुरू हुई फुहार, रिमझिम और सामान्य बारिश का सिलसिला दरमियानी रात झमाझम में बदल गया। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश होती रही। वैसे पिछले 24 घंटे में दो इंच से ज्यादा बारिश हुई है। खास बात यह बरसात के विदाई वाले इस माह के 15 दिनों में अब तक133 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। वैसे सिंतबर में औसत बारिश 231.6 मिली मीटर है।



## मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ जबलपुर ने ज्ञापन सौंपा

जबलपुर। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जबलपुर के जिला अध्यक्ष रविकांत दहायत के नेतृत्व में रश्मि चतुर्वेदी तहसीलदार को कलेक्ट्रेट के नाम से मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया ,जिसमें जबलपुर जिले के समस्त विभागों के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद पर नियमित करने एवं जबलपुर जिले के अंतर्गत आयुर्वेदिक महाविद्यालय मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन एवं मुख्य अभियंता रानी अवंती बाई सागर परियोजना बरगी हिल्स एवं पीडब्ल्यूडी जबलपुर में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद की जानकारी कलेक्टर के द्वारा मंगवाने बाबत जिससे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद पर समायोजित कर सकें राजेंद्र चतुर्वेदी सहदेव रजक प्रेम नारायण ठाकुर मुनेंद्र मिश्रा राकेश बडोले वैद्यनाथन अय्यर विजय यादव प्रमोद कुमार बाल गोविंद माली शब्बीर हुसैन सुरेश को संतोष यादव मूलचंद पटेल द्वारिका काछी एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बीएसएनएल कर्मचारियों का धरना

जबलपुर, ।बीएसएनएल एंप्लाइज यूनियन के बैनर तले संचार सेवाओं में सुधार, कर्मचारियों की समस्याओं एवं बीएसएनएल विरोधी नीतियों को लेकर बीएसएनएल कर्मचारियों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। बीएसएनएल एंप्लाइज यूनियन द्वारा धरना स्थल पर ही सभा भी की गई। सभा की अध्यक्षता कामरेड राजेंद्र सिंह ने की ।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बीएसएनएल का जबलपुर प्रबंधन साफ-सफाई के प्रति उदासीन है। शहर में डेंगू का प्रकोप है, लेकिन कार्यालय के कूलरों में जमा पानी तक साफ नहीं किया जा रहा है। साफ-सफाई नदारत है लेकिन ठेकेदारों के फर्जी बिल बिना रोक-टोक के पास हो रहे हैं। लंबित मेडिकल बिल का कोई हल नहीं किया जा रहा। कर्मचारी द्वारा दिए जा रहे मेडिकल बिल में प्रबंधन नियम विरूध कटौती कर रहा है। पक्षपात एवं भेदभाव पूर्ण स्थानांतरण किए जा रहे हैं। कई कर्मचारियों को बिना किसी कारण के चार्जशीट देकर प्रताड़ित किया जा रहा है। बीएसएनएल के राजस्व को बढ़ाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे। उपभोक्ता बीएसएनएल की सेवाओं से त्रस्त हो रहे हैं। बिना किसी कारण के मोबाइल सेवाएं घंटों के लिए बंद हो जाती हैं। टेलीफोन के फाल्ट बार-बार रिपीट होते हैं। इन सब परेशानियों के कारण सस्ती सेवाओं के बाद भी उपभोक्ता निजी कंपनी की ओर जा रहे हैं। इससे बीएसएनएल को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन्हीं सब मांगों को लेकर धरना शुरू हुआ है जो मांगें पूर्ण होने तक जारी रहेगा। धरना स्थल पर आकाश अकुल्वार, रामसूमेर कोरी, मार्टिन मशीह, विवेक चौधरी, परिमल साधू, आरके शर्मा, एनके सोनी, आशीष पीटर, बीके गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभा को कामरेड राघवेन्द्र अरजरिया, कामरेड संतोष सैनी, कामरेड एसके मालवीया अन्य ने संबोधित किया। सभा का संचालन कामरेड लखन पटेल ने किया।





## मेमू ट्रेन चलने से ग्रामीण अंचलों में खुशी की लहर

**जबलपुर यश भारत** । जबलपुर रेल मंडल की चौथी दैनिक मेमू ट्रेन बुधवार को प्रात: 6:00 बजे ग्रीन रेल सिग्नल मिलने पर हॉर्न बजाकर कटनी से बरगवां के लिए रवाना हुई।कटनी स्टेशन से प्रारंभ हुई इस मेमू ट्रेन ने बरगवां तक का 223 किलोमीटर का सफर सिर्फ 6.30 घंटे में पूर्ण करके सैकड़ों रेल यात्रियों को बरगवां ( सिंगरौली ) पहुंचाया. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि मेमू ट्रेन नंबर 06623 आज बुधवार 15 सितंबर से कटनी से बरगवां के बीच प्रारंभ हुई है। इस ट्रेन के पहले ही दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण यात्रियों ने आराम से बैठ कर खुशी खुशी अपनी रेल यात्रा की। इस ट्रेन की स्वच्छता, स्पीड तथा स्टेशन आने के पूर्व कोच में उद्घोषणा से यात्रियों को बहुत अच्छा महसूस हुआ। इस ट्रेन द्वारा कटनी से बरगवां तक मात्र ?95 के किराए पर यात्री गणों ने एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचकर हर्ष व्यक्त किया। इस ट्रेन के कटनी से बरगवां के बीच 25 स्टेशनों पर ठहराव होने से सभी छोटे स्टेशनों से बड़ी संख्या में यात्री गणों ने अपनी यात्रा प्रारंभ की वापसी में भी बरगवां से दोपहर 13ः45 बजे चलकर कटनी में रात 20ः30 बजे पहुंची ट्रेन में सफर करने वाले लोगों ने बताया कि इस रेलखंड में एक पैसेंजर ट्रेन की बहुत आवश्यकता थी जिस पर मंडल द्वारा यहां मेमू ट्रेन चलाकर लोगों को आने जाने के लिए मेमू ट्रेन के रूप में अच्छी सौगात दी है। इस ट्रेन के ठहराव पर खन्ना बंजारी ब्योहारी, विजय सोता तथा बरगवां आदि स्टेशनों पर क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने पहुंचकर ट्रेन के यात्रियों का हर्ष व्यक्त करते हुए स्वागत भी किया।

### सात रेल कर्मचारियों के प्रकरणों का निपटारा

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे बोर्ड के आदेश अनुसार पश्चिम मध्यच रेल के जबलपुर मंडल के 07 कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति, संरक्षा कोटि, मृत्यु के प्रकरणों में डीआरएम श्री संजय विश्वारस के मार्गदर्शन एवं एडीआरएम दीपक कुमार गुप्ता के निर्देश पर उक्तब कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को निपटारा राशियों का भुगतान डिजीटल माध्याम से किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठध मंडल वित्ति प्रबंधक अभिराम खरे, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविंद पांडे एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक एसएस तोमर के अलावा कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# रेलवे में आज से 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा, होंगे अनेक महत्वपूर्ण कार्य

**जबलपुर यश भारत** । जबलपुर रेल मंडल में गुरुवार 16 सितम्बर से 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन स्वच्छता सबका कार्य' की थीम पर आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक मंडल में विभिन्न आयोजन करके रेल परिसर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के विभिन्न कार्य किये जायेंगे।इस संबंध में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पखवाड़े के पहले दिन गुरुवार 16 सितम्बर को मंडल कार्यालय में डीआरएम संजय विश्वास द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी जायेगी। इसके साथ ही मंडल के सभी डिपो में भी डिपो इंचार्ज द्वारा शपथ दिलाने का कार्य किया जायेगा। भारत स्काडउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छता की अलख जगाने के लिये प्रभात फेरी तथा रेलवे स्थलों पर श्रमदान एवं पौधारोपण किया जायेगा।




पखवाड़े के दूसरे दिन 17 सितम्बयर को प्लाास्टिक कचरे के विरूध जन-जागरूकता का कार्य किया जायेगा। 18 सितम्बार को बायोटॉयलेट का प्रति जागरूकता तथा नुक्कड़-नाटक होगा। 19 सितम्बवर को स्टेशन परिभ्रमण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। 20 सितम्बर को छोटे स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान तथा 21 एवं 22 सितम्बर को स्वच्छ रेलगाड़ी अभियान के तहत् रेलगाड़ियों में स्वच्छता का निरीक्षण किया जायेगा। इसी तरह 23 सितम्बर को स्वच्छ परिसर अभियान चलाकर रेलवे के सभी कार्यालयों, कॉलोनी, अस्पताल, रिटायरिंग रूम, वेटिंग हॉल तथा रेस्ट् हाऊस में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। स्वच्छ आहार के तहत 24 सितम्बर को रेलवे की कैटरिंग यूनिट का तथा 25 सितम्ब र को पेंट्री कार का निरीक्षण किया जायेगा। इसी तरह 26 एवं 27 सितम्बर को स्वच्छ नीर अभियान चलाकर रेलवे के जल शोधन संयंत्र तथा पीने के पानी तथा वाटर बूथ का निरीक्षण एवं सफाई अभियान चलाया जायेगा। 28 सितम्बर को स्वच्छ प्रसाधन के तहत सभी टॉयलेटों तथा दिव्यांगजनों के लिये कार्यालय के टॉयलेट हेतु सफाई अभियान चलेगा।

### 2 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण

29 सितम्बटर को स्वीच्छता प्रतियोगिता के तहत् रेलवे कर्मचारियों, उनके बच्चों के बीच स्वेच्छता को लेकर पेंटिंग, निबंध, कविता लेखन का आयोजन किया जायेगा। पखवाड़े का समापन 02 अक्टूलबर को गांधी जयंती पर किया जायेगा, जिसके तहत् इस 15 दिवसीय आयोजन में सराहनीय व्यक्तियों एवं विभागों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## शिक्षकों ने किया संकुल प्राचार्य का सम्मान

### चेरीताल-माढ़ोताल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

जबलपुर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चेरीताल एवं हाईस्कूल माढोताल के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर दोनों ही विद्यालय के शिक्षिकाओं ने प्राचार्य डॉ डीके गुप्ता का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षकों ने प्राचार्य श्री गुप्ता की स्कूल में सक्रियता, निर्भीकता, सहनशीलता एवं शैक्षिक गतिविधियों में सहयोग करने की भावना अपनाए जाने पर उनका आभार जताया। शिक्षिकाओं ने कहा कि उनके जैसे सफल एवं शिक्षक प्राचार्य की उन्हें अति आवश्यकता है। उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि श्री गुप्ता सबके बीच में सदा समन्वय बनाए रहते हैं और एक नए कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित करते है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षिका कुमारी चंद्र देवी स्वर्णकार ने किया। प्राचार्य का स्वागत, सम्मान विद्यालय की शिक्षिकाओं आशा यादव, अंजना शुक्ला, रश्मि तिवारी, शुभा खरे, निशी विश्नोई, अर्चना सिंह सोलंकी, सिटी वाला पावडे, मीनाक्षी तिवारी, रश्मि सिंह बघेल, प्रियंका श्रीवास्तव, ममता भट्ट, रश्मि बघेल, किरण लता जैन, सरिता राय, वनिता सूद, कैलाश चंद्र अठ्या, शाहीना वानो, शाहीन तब्बसुम, गायत्री सिंग, रीता जडिया, राजकुमारी अहिरवार उपस्थित रहीं।










## सकारात्मक सोच ने दिलाई सफलता

# जेईई मेन्स के परिणाम से बच्चे हुए खुश

**जबलपुर।** जेईई मेन्स के फाइनल परीक्षा परिणामों का विद्यार्थी 10 सितंबर से इंतजार कर रहे थे। ऐसा कहा गया था कि 14 को परिणाम घोषित हो जाएंगे लेकिन दिन से रात हो गई पर परिणाम नहीं आए तो विद्यार्थी निराश हो गए थे। लेकिन आधी रात के बाद जब विद्यार्थियों को पता चला कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेईई मेन्स के चारों चरणों के परिणामों को मिलाकर फाइनल परिणाम घोषित कर दिए गए हैं तो उनकी खुशी का ठिकाना ही नहीं था। कुछ विद्यार्थी तो रात में ही सक्रिय हो गए अपना परिणाम देखने के लिए तो कई ने अपने दोस्तों को संदेश भेजकर सूचना दी कि परिणाम आ गए हैं। सुबह से ही जेईई देने वाले विद्यार्थियों के बीच संदेशों का अदान-प्रदान चल रहा था कि किसका क्या पर्सेंटाइल आया और ओवर आल परिणाम कैसा रहा। इस बार जेईई मेन्स के परिणाम विद्यार्थियों के लिए किसी ऐसे लक्ष्य की तरह है जो लग ही नहीं रहा था कि पूरा हो भी पाएगा या नहीं। कोरोना के कारण विद्यार्थियों को काफी इंतजार करना पड़ा परीक्षा के लिए। इंतजार इतना हो गया कि पूरा सत्र ही करीब छह माह विलंब से चल रहा है। इस बीच विद्यार्थियों को कई मानसिक परेशानियों का भी सामना करना। रेडियंस के डायरेक्टर दिनेश मिश्रा ने बताया कि कोरोना ने जेईई मेन्स को बहुत लंबा और कठिन बना दिया था। बच्चे पढ-पढ़ कर थक गए थे। हम लोगों ने लगातार उन्हें मोटीवेट किया कि वे हिम्मत न हारें। परीक्षा जरूर होगी। आनलाइन कक्षाएं चलती थीं जिनमें विद्यार्थी लगातार पढ़ते थे। इसी तरह मोमेन्टम के डायरेक्टर डा. कपिल जैन ने भी बताया कि इस बार परीक्षा विद्यार्थियों के सब्र की रही। बच्चों ने मेहनत की और ईमानदारी से अपनी पढ़ाई की। अब सभी जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। जो तीन अक्टूबर को होने वाली है। जेईई मेन्स के चौथे चरण की परीक्षाएं 26 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित की गई थीं।



### पीएनडीटी राज्य सलाहकार समिति का पुनर्गठन

**जबलपुर।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीएनडीटी) के प्रावधानों के पालन में राज्य सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर दिया गया है।अपर संचालक स्वास्थ्य डॉ. वीणा सिन्हा ने बताया कि समिति में आठ सदस्य नांमाकित किये गये है। नांमाकित किये गए सदस्यों में जे.पी हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मला बाथम, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, जे.पी हॉस्पिटल की पैथालॉजिस्ट डॉ. रेणु चुघ, उप सविच विधि विभाग, उप संचालक जनसम्पर्क के अतिरिक्त सोशल वर्कर डॉ. आर.एच.लता, श्रीमती कुमुद सिंह और श्रीमती अर्चना सहाय शामिल है।













## निगमायुक्त ने निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

# बलिदान दिवस के कार्यक्रमों में न हो कोई कोताही

**जबलपुर।** राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों पर निगमायुक्त संदीप जीआर अपनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने आयोजन स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाएं देखी। माल गोदाम चौक स्थित प्रतिमा स्थल एवं बंदी गृह स्थल का निगमायुक्त संदीप जीआर ने जायजा लिया। वहीं पेयजल, सफाई, प्रकाश सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी निगमायुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने नलों की टोंटियों से लेकर टाइल्स की गुणवत्ता की भी जांच की। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने संबंधितों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य के वीर राजाओं के बलिदान दिवस के कार्यक्रमों में कोई कोताही न हो। उन्होंने बलिदान दिवस के पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने कड़े निर्देश जारी किए हैं। निरीक्षण के मौके पर जिला, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ अपर आयुक्त टी एस कुमरे उद्यान अधिकारी आदित्य शुक्ला, संभागीय अधिकारी विजय वर्मा आदि उपस्थित रहे*

## मेडिकल यूनिवर्सिटी में पहले जो हुआ वो कभी नहीं होगा



जबलपुर। नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल यूनिवर्सिटी में पहले जो हुआ, उसे भुलाया नहीं जा सकता है, लेकिन उसे कभी दोहराया नहीं जाएगा। समय पर परीक्षा,परिणाम घोषित हो इस पर विशेष फोकस किया जाएगा। अनैतिक गतिविधियां पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। दिसंबर तक यूनिवर्सिटी नए भवन में स्थानांतरित हो जाएगी। विश्वास दिलाता हूं कि सभी के हितों में ध्यान रखकर यूनिवर्सिटी का संचालन होगा। यह बात कार्यवाहक कुलपति और संभागयुक्त बी चंद्रशेखर ने पत्रकारों से कही।

कुलपति ने स्वीकार किया कुछ समय पूर्व की यूनिवर्सिटी की सारी व्यवस्थाएं बेपटरी हो चुकी थी, कुछ गड़बड़ियों के कारण यूनिवर्सिटी की छवि पर भी असर पड़ा है। हालांकि सभी मामले कोर्ट में विचाराधीन है इसलिए उस पर टिप्पणी करना ठीक नहीं होगा। गड़बड़ियों को भुलाकर हमें कैसे यूनिवर्सिटी का संचालन करना है इस पर ध्यान देना होगा। आने वाले कुछ माह में यूनिवर्सिटी की सारी व्यवस्थाएं बदली हुई नजर आएगी।

## केंद्रीय श्रमायुक्त से मुलाक़ात , समस्याओं पर चर्चा



**जबलपुर।** जिला संघ द्वारा जिले की केन्द्र स्तर की विभिन्न समस्याओं को लेकर संघ ने उप मुख्य श्रमायुक्त सुनील कुमार, सहायक श्रमायुक्त अभिनव तिवारी तथा क्षेत्रिय श्रमायुक्त राकेश गौर से औपचारिक मुलाक़ात की । इस दौरान विभिन्न केन्द्र शासन के कार्यालयों में श्रमिकों को आ रही समस्याओं पर चर्चा की गयी । उपस्थित सभी अधिकारियों ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया। संगठन के द्वारा सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय श्रमिक दिवस( भगवान विश्वकर्मा जयंती)के अवसर पर आमंत्रित भी किया गया । सुनील कुमार उप मुख्यश्रमायुक्त के द्वारा बताया गया कि 18 सितंबर को केंद्रीय श्रम मंत्री तथा मुख्य श्रमायुक्त का जबलपुर आगमन हो रहा है, इसमें भारतीय मज़दूर संघ के सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है । कार्यालय द्वारा स्थान तथा समय का निर्धारण होने पर इस बाबत सूचित किया जाएगा। अधिकारियों के द्वारा यह भी बताया गया कि 18 सितंबर को ई श्रम पोर्टल का जबलपुर में शुभारंभ केंद्रीय मंत्री के द्वारा होना है । वहीं रेल्वे, डाकघर, डिफ़ेंस की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान भारतीय मज़दूर संघ के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला मंत्री कृष्णकांत शर्मा, पोस्टल इकाई के राष्ट्रीय संगठन महासचिव विनोद साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## हिंदी भाषा हर भारतवासी के दिलों के करीब

### वाहन निर्माणी में राजभाषा पखवाड़े का समापन




जबलपुर यशभारत ।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र एवं बहुभाषी देश है। यहां 22 भाषाओँ को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त है। हिंदी को राजभाषा का दर्जा इसलिए दिया गया क्योंकि यही वो भाषा है जो हर भारतवासी के दिलों के करीब है। हिंदी हमारा आत्मसम्मान और आत्मगौरव है। उक्त विचार वाहन निर्माणी जबलपुर के अस्थाई प्रभारी अधिकारी ओ.पी.तिवारी ने हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह में व्यक्त किए। निर्माणी में हिंदी पखवाड़ा केदौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। उक्त समारोह में निर्माणी के राजभाषा अधिकारी श मनोज कुमार मौर्य संयुक्त महाप्रबंधक/प्रशासन ने कहा कि हिंदी अत्यंत सरल भाषा है। अपने दैनिक कामकाज में सरल हिंदी का प्रयोग करें तथा अत्यंत क्लिष्ट शब्दों का प्रयोग करने से बचें। पुरस्कार वितरण समारोह में भारत सरकार की प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत हिंदी में सर्वाधिक डिक्टेशन देने के लिए अधिकारियों डी.एन.वर्मा, अपर महाप्रबंधक तथा के.तिरूपति, उपमहाप्रबंधक को क्रमशः 05 हजार रूपए नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनोज कुमार जैन राजेश कुमार मिश्रा सुमीत सोहाने विनय गर्ग विमल कुमार चौहान सतीश कुमार सेन राजेश दुबे मंसूर अली रूपेश मिश्रा एवं संतोष कुमार दुबे को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गृह मंत्री के संदेश का वाचन शैलेन्द्र सिंह, कनिष्ठ कार्यप्रबंधक/प्रशासन ने किया गया। उल्लेखनीय है कि वाहन निर्माणी में राजभाषा के क्षेत्र में कई नवाचारी कार्य संपन्न किए जा रहे हैं। निर्माणी में राजभाषा वेब पोर्टल, राजभाषा ?प, विभिन्न प्रपत्रों हेतु द्विभाषी प्रोग्राम तैयार किए गए हैं। समारोह में अपर महाप्रबंधक राजेश कुमार प्रेमचंद्र विकास पुरवार डी.एन.वर्मा एस.के.गुंड जे.पी.सिंह ए.के.राय मोहन कुमार साहू कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी/राजभाषा सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रमा दीक्षित, अनुभाग प्रमुख/रा.भा. ने किया ।

## जबलपुर संभाग में करीब 1482 करोड़ रूपये की जलसंरचनाओं के कार्य जारी

जबलपुर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जबलपुर संभाग में 2362 जलप्रदाय योजनाओं के कार्य जारी हैं जिनकी कुल लागत 1481 करोड़ 66 लाख 96 हजार रूपये है। विभाग के मैदानी कार्यालयों द्वारा जल जीवन मिशन के मापदण्डों के अनुसार कार्य निरंतर जारी हैं। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने की दिशा में सरकारी प्रयास तेजी से जारी हैं। जहाँ जलस्त्रोत हैं, उनका उपयोग कर आसपास के ग्रामीण रहवासियों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा और जहाँ नहीं हैं वहाँ जलस्त्रोत निर्मित किए जायेंगे। प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी के लिए यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। जबलपुर संभाग के आठों जिलों के करीब 20 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन के जरिये जल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।



## उदासीन आचार्य भगवान श्री चंद्र देव का प्राकट्य उत्सव मनाया

**जबलपुर** ।श्री गुरु नानक देव जी के सुपुत्र उदासीनआचार्य श्री चंद्रदेव महाराज ने उदासीन संप्रदाय की स्थापना की थी और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए शैव, वैष्णव, शाक्त, सौर तथा गणपत्य मत को मानने वाले सभी धर्माचार्य को संगठित कर पंचदेवोपासना प्रतिपादित की द्य उपरोक्त उद्गार कल्याणिका तपोवन, लम्हेटा घाट में बाबा कल्याणदास जी महाराज ने आज श्रीचं देव जयंती महोत्सव में व्यक्त किये। बाबा जी ने कहा कि उदासीन श्रीचंद जी ने हिंदू धर्म में जाति पाति ऊंच-नीच छोटे-ब? के भेद मिटाकर सामाजिक समरसता और मानव मात्र की मुक्ति के लिए नई राह दिखाई साथ ही हिंदू धर्म में वैचारिक वाद-विवाद को मिटाकर सत्य सनातन धर्म को समन्वय का विराट रूप प्रदान किया और हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति की महान परंपरा और महिमा को जनमानस को समझाया ।तपोवन में आज भगवान श्री चंद्राचार्य जी का पूजन, ध्वजा पूजन एवं राजराजेश्वरी श्रीयंत्र का पूजन के साथ 1008 कन्याओं का पूजन किया गया। महा भंडारे का आयोजन किया गया ।उत्सव में स्वामी नरसिंह दास जी महाराज, स्वामी मुकुंददास जी महाराज, स्वामी कृष्ण किंकर जी महाराज, स्वामी पगलानंद जी, अशोकानंद जी महाराज, स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज, ज्ञानेश्वरी दीदी की उपस्थिति रही। पूजन में श्री शंकर लाल खत्री, तारू खत्री, वासुदेव सांवल खत्री, चंद्रकुमार भानोट, सुरेश आसवानी, के. एन. दुबे, मनु खत्री, जेठा लाल खत्री आदि ने की।



हनुमानताल छोटी बजरिया में विराजित भगवान श्री गणेश की मनोहारी प्रतिमा

## छठी महोत्सव पर श्री सिद्ध गणेश के बाल स्वरूप की निकली शोभायात्रा



जबलपुर । छठी महोत्सव पर ग्वारीघाट स्थित श्री सिद्ध गणेश मंदिर से मंदिर परिसर में ही शोभा यात्रा निकाली गई द्य भगवान के बाल रूप का दर्शन कर भक्त भावविभोर हुए। आकर्षक झांकी के रूप में झूले में भगवान जन दर्शन के लिए निकले थे द्य इसके पूर्व प्रातः भगवान का नील वस्त्रों से श्रंगार कर सुगंधित द्रव्यों से भगवान के सहस्त्रनाम से अर्चन किया गया द्यअपने प्रवचनों में ब्रह्मर्षि राम बहादुर महाराज ने कहा कि भगवान श्री गणेश स्मरण मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं और विघ्नों का हरण करते हैं, वे संकट निवारक भी हैं द्य आज सातवें दिन भगवान के विघ्नेश्वर स्वरूप का हरे वस्त्रों से सिंगार कर दुर्वा एवं तीली के मोदकों से सहस्त्रार्चन संपन्न होगा

### श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में अभिषेक पूजन



स्थानीय श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर एकता विहार, रतन नगर रोड, जबलपुर में भगवान का छठी महोत्सव मनाया गया छठी महोत्सव के दौरान अभिषेक पूजन संपन्न हुआ एवं आरती की गई सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप एवं श्री राम मंदिर महिला मंडल के साथियों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई एवं महा आरती मेंश्री अनूपदेव जी महाराज एवं अंजू भार्गव भक्तों ने की मास्क एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए दर्शन पूजन का समिति के साथ ही द्वारा आग्रह किया गया है।

## जीआईएफ में प्रदत्त किये राजभाषा पुरस्कार



**जबलपुर यशभारत** ।सुरक्षा संस्थान ग्रे आयरन फाउंड्री जीआईएफ जबलपुर में राजभाषा पखवाडा समापन पर अजय सिंह महाप्रबंधक द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर के एस मीणा संयुक्त महाप्रबंधक एवं नित्येश शर्मा प्रशासनिक ने हिंदी की प्रगति के लिए अपने अपने विचार प्रकट किए । कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला प्रभारी राजभाषा ने किया। प्रतियोगिताओं में निर्णयक का दायित्व एस के प्रसाद श्रीमती अनामिका श्रीवास्तव एवं विपुल मिश्रा कनिष्ठ कार्य प्रबंधक ने निभाया इस अवसर पर जीआईएफ के अधिकारी एवं कर्मचारी यूनियन एसोसिएशन कार्यसमिति जेसीएम के पदाधिकारियों सहित कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब जबलपुर साउथ ने मनाया अभियंता दिवस

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ ने आर बी कैफे शहीद स्मारक विश्व अभियंता दिवस ( इंजीनियर्स डे) मनाया । आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रथम सत्र के विद्यार्थी वरिष्ठ रोटेरियन एस के गुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के अध्यक्ष अनुराग जैन गढ़ावाल ने की ।मुख्य अतिथि के स्वागत के बाद मुख्य अतिथि एस के गुप्ता ने देश के निर्माण में इंजीनियर्स की भूमिका पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया देश विदेश में आज भारतीय इंजीनियर्स बहुत कमाल कर रहे ।गुप्ता जी ने बतायाविश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज जम्मू कश्मीर में बनने जा रहा है उसके बारे में उन्होंने बताया भारतीय इंजीनियर की गुणवत्ता और उनके कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है आज क्लब ने अपने क्लब के इंजीनियर साथियों का सम्मान भी किया ।

## जो संयम का पालन नहीं करता वह उपदेश नहीं दे सकता : आचार्य श्री



**जबलपुर।** दयोदय तीर्थ में आचार्यश्री विद्यासागर महाराज ने कहा कि जिन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता उन्हीं में से मनुष्य एक जीव है , जो दूसरे को क्या करना है, क्या नहीं करना इसकी आज्ञा देता रहता है लेकिन वह स्वयं क्या करता है वह नहीं जानता इसलिए संयम के अभाव में मोक्ष मार्ग का उपदेश भी एक उदासीन वचन जैसा होता है । आज संयम का दिन है जिस तरह आप लोग लोकतंत्र का संरक्षण और पालन करते हैं उसी तरह यदि आप सम्यक दर्शन का भी पालन और संरक्षण करना चाहते हैं तो आपको संयम का पालन करना होगा, निश्चित रूप से सम्यक दर्शन का भी पालन हो जाएगा क्योंकि संयम के जो संस्कार हैं वे देव गति को प्राप्त होते हैं , जो व्यक्ति स्वयं संयम का पालन नहीं करता वह किसी भी तरह के उपदेश देने का अधिकारी नहीं है हां उपदेश ग्रहण करने का अधिकारी जरूर है ।उन्होंने कहा कि जिस तरह परीक्षा देने के उपरांत परिणाम की प्रतीक्षा होती है एक-एक दिन कठिन होता है नींद नहीं आती और जब परिणाम घोषित होता है तब निश्चिंत था आ जाती है इसी तरह जन्म लेने के बाद जीवन मे हर दिन परीक्षा होती है, लेकिन संयमित जीवन जीने वाले के परिणाम सदा अच्छे होते है।

आचार्य श्री कहते है अमीर व्यक्ति बहुत लंबे समय तक जीना चाहता है लेकिन संयमी व्यक्ति उस मार्ग को ढूंढता है जो उसे मोक्ष मार्ग पर ले जाये , वह समय दर्शन का पालन करता है, सम्यक ज्ञान का पालन करता है तब उसे मोक्ष मार्ग मिलता है । मनुष्य जब उत्तम संयम की ओर बढ़ जाता है उसे दुनिया की सारी संपदा कम लगने लगती है, चरित्र ही संपदा हो जाती है। हमारे आचार्य भी कहते थे, संयम मार्ग भूला नहीं जा सकता यदि आपने थोड़ा सा भी संयम है तो बहुत से बुरेकर्म रुक जाते हैं जो नहीं होनी चाहिए वह नही होते ,संयम का मार्ग पहाड़ पर चढ़ने के जैसा कठिन होता है लेकिन यदि आपने संयम को त्याग दिया वह पहाड़ की फिसलन की तरह ही उस मार्ग पर ले जाता है जो आपको कभी बचा नहीं सकता , यह भी पता नहीं होता कि वह आपको कितने नीचे तक ले जाएगा। संयमित जीवन जीने वाला कभी दुखी नही रहता ।

## 'संस्था स्तर' निबंध प्रतियोगिता विकास पाठक ने जीती

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल म.प्र. के निर्देषानुसार स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर 'हिंदी पखवाड़े' के अंतर्गत 'संस्था स्तर' निबंध प्रतियोगिता विशय 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेष' में हिंदी की भूमिका का आयोजन शासकीय महाकोषल कला एवं वाणिज्य स्वषासी महाविद्यालय, जबलपुर में दिनांक 14/09/2021 को किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियो ने सहभागिता की। संस्था स्तर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विकास पाठक, द्वितीय स्थान नवीन केवट, तृतीय स्थान कमलेष भटट ने प्राप्त किया ।निबंध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को डॉ. तरुण भटनागर, प्रसिद्ध साहित्यकार (अपर आयुक्त, जबलपुर संभाग) द्वारा प्रमाण प्रदान किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा पाण्डे एवं संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. अरुण षुक्ल उपस्थित रहे ।संस्था स्तर निबंध प्रतियोगिता के परिणाम अग्रणी महाविद्यालय में जमा करें।

### बलिदान गाथा कार्यक्रम पर छाया चित्र प्रदर्शनी

# छायाचित्रों व चित्रों में दिखा वीरों का गौरव और शौर्य



जबलपुर, । राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथशाह की बलिदान गाथा कार्यक्रम के द्वितीय दिवस गोंडवानाकालीन ऐतिहासिक धरोहरों विषय पर चित्रकला व छायाचित्र प्रतियोगिता के आयोजन किश गया । इसके बाद प्रदर्शनी का उद्घाटन लोकसभा मुख्य सचेतक सांसद राकेश सिंह व भाजपा प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने रानी दुर्गावती कला वीथिका में किया। इस अवसर पर सांसद राकेश सिंह ने कहा कि हमारे वीर बलिदानियों ने देश व अपनी मातृभूमि की रक्षा में अपना बलिदान दिया है और उनके इस बालिदान को याद करते हुए ही हम हमारे जबलपुर के गौरव राजा शंकरशाह रघुनाथशाह के बलिदान दिवस को मानने जा रहे हैं। दोनों वीरों से जुड़े संस्मरणों और उनकी गाथाओं को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राजा शंकरशाह रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के अवसर पर हो रहे आयोजनों के क्रम में चित्रकला व छायाचित्र प्रदर्शनी के आयोजन अवसर पर दोनों विधाओं में विजेताओं का चयन वरि?ठ चयनकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसके तहत छायाचित्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनुश्री मिश्रा, द्वितीय सचिन गोंटिया, तृतीय शुभम पाठक को चुना गया था। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका पचौरी, द्वितीय में मनोज विश्वकर्मा और तृतीय में शुभम राज अहिरवार का चयन किया गया है। इसी के साथ चित्रकला के लिए सांत्वना पुरस्कार में अंजली राउत, दिव्य चौकसे, रेणु चौधरी, आयुष कुशवाहा, आकांक्षा प्रधान शामिल रहे। साथ ही छायाचित्र में सुगन जाट, राजेश्वर राव, मेहुल यादव, शुभमराज अहिरवार, सागर की कलाकृति का चयन सांत्वना पुरुस्कारों हेतु किया गया। चयनित कृतियों में दोनों विधाओं में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 11 हजार व तृतीय 51 सौ रुपये विजेताओं को दिए जाएंगे। पुरस्कार वितरण 16 सितंबर को शाम 4 बजे बलिदान स्थल मालगोदाम चौक में किया जाएगा ।चित्रकला व छायाचित्र प्रतियोगिता में



## डेंगू को लेकर कांग्रेस ने निकाली जनाक्रोश यात्रा

जबलपुर। पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में शहर में फैल रहे डेंगू के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को जन आक्रोश पद यात्रा निकाली ।बढ़ई मोहल्ला से शुरू हुई पद यात्रा का समापन सिंधी कैंप में हुआ ।उल्लेखनीय है कि पद यात्रा को व्यापक जन समर्थन मिला। इस मौके पर संजय अहिरवार, जितेंद्र ठाकुर, डॉ. रमाकांत रावत, आजम खान, जतिन राज, राजेश केशरवानी, गुलाम हुसैन, मुरलीधर राव, मुन्नू पंडा, जय घनघोरिया, धर्मेन्द्र पटारिया, जीत जांगड़े, अजय चक्रवर्ती, अनमोल ऋषि, ललित कोटवानी, शैंकी सोनकर, सागर शुक्ला, रिजवान कोटी, शैलेन्द्र कुंडे, लक्ष्मी यादव, अस्सू खान, राजा खान, लक्ष्मी शुक्ला, बंटू ठाकुर, राजेश दीवान, दिलीप जाट, सागर जाट, प्रदीप अहिरवार, मनीष सोनखरे, अरविंद ठाकुर, अर्जुन, पवन वंशकार, रामू गुप्ता, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, नीरज बिरहा, शाहबाज, कमल रजक उपस्थित रहे।

## आवश्यकता है

स्वास्थ्य एवं भारतीय जीवन बीमा निगम कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है। संपर्क करें (सेलरी पांच अंकों में) मार्केटिंग वालों को प्राथमिकता

**पता- अशोका होटल के बाजू में, त्रिवेणी हॉस्पिटल के सामने मो. 9300068860, 7691912082, 7987249262**

# सीएम शिवराज सिंह चौहान ने 500 स्व-सहायता समूह सदस्यों से की बात

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिला स्व-सहायता समूह उन्मुखीकरण एवं संवाद कार्यक्रम में 500 महिला स्व-सहायता समू?ह की सदस्यों से बात की। सीएम शिवराज ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में कोविड काल में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके पहले उन्होंने स्मार्ट उद्यान में स्व-सहायता समूह की बहनों के साथ करंज, बादाम और पारिजात का पौधा रोपा।स्व-सहायता समूह की बहन शहडोल जिले की मीरा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सम्मुख अपनी जिंदगी के संघर्ष की कहानी बताई। उन्होंने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इनके बाद रायसेन जिले की कृषि सखी आशा उइके ने बताया कि उन्होंने ढाई सौ महिलाओं को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया है। मेरे समूह को जिलास्तर पर जैविक खेती के लिए पुरस्कार मिला है। इसका श्रेय आजीविका मिशन को जाता है।



## 30 सितंबर तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा

**भोपाल।** आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश योजना की जानकारी आम नागरिकों और हर पात्र व्यक्ति को देने के लिए 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित होगा। 15 सितम्बर से प्रारंभ हुआ आयुष्मान पखवाड़ा में अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने और जनसंवाद, ऑनलाइन संवाद के कार्यक्रम आयोजित कर योजना के प्रावधानों से हितग्राहियों को अवगत कराया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 2 करोड़ 50 लाख से अधिक पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये है। महाप्रबंधक आयुष्मान योजना मध्यप्रदेश डॉ. पदमाकर त्रिपाठी ने बताया कि पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अस्पतालों और अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति- प्रत्र दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना का प्रदेश में 23 सितम्बर 2018 को क्रियान्वयन शुरू किया गया था। योजना के तीन वर्ष पूरे होने पर 23 सितम्बर को आयुष्मान भारत दिवस के रूप में मनाया जायेगा। आयुष्मान योजना में पात्र परिवार को एक वर्ष में योजना में इम्पेनल्ड अस्पतालों में 5 लाख रूपये तक का निन्शुल्क उपचार दिया जा रहा है। योजना के माध्यम से पात्र परिवार कोरोना, कैंसर, हृदय रोग, गुर्दा रोग, डेंगू, चिकुनगुनिया, मोतियाबिन्द, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण आदि रोगों का इम्पेनल्ड अस्पतालों में निन्शुल्क उपचार करा सकते हैं। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रामकिशोर कांवरे ने कहा है कि स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेदिक पद्धति को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। कोरोना काल में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। कांवरे प्रदेश में 188 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स का वर्चुअली शुभारंभ कर रहे थे। इसके पहले 100 वेलनेस सेंटर शुरू किए जा चुके हैं। कांवरे ने कार्यक्रम में उपस्थित झाबुआ, पन्ना एवं डिंडौरी के सरपंच और उप सरपंचों से संवाद भी किया। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर भी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुईं। आभार डॉ. राजीव मिश्रा ने माना। इससे पहले कांवरे की अध्यक्षता में पंडित उद्धवदास मेहता वैद्यशास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार प्रदान करने के लिए चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2017, 18, 19 एवं 20 के पुरस्कार प्रदान करने के लिए आगामी 27 सितंबर को पुन¬ बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस पुरस्कार के अतंर्गत संबंधित व्यक्ति एवं संस्था को आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एक लाख र्स्पये की राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है।



**भोपाल।** परिवहन विभाग ने प्रदेश भर में 61 हजार से अधिक आनलाइन लर्निंग लाइसेंस बनाकर जारी किए हैं। ये लाइसेंस सारथी साफ्टवेयर के जरिए बनाए गए हैं। परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने एक अगस्त से इस सुविधा का शुभारंभ किया था। इसके तहत लर्निंग ड्राइविंग

## मप्र में 61 हजार से ज्यादा आवेदकों के बने आनलाइन लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस

लाइसेंस बनवाने वाले अभ्यर्थियों को आरटीओ दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। परिवहन आयुक्त मुकेश जैन ने बताया कि 73 हजार 428 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये 14 सितंबर तक मिले हैं। इनमें से 59 हजार 794 आवेदकों ने टेस्ट की प्रक्रिया पूरी कर ली है। आनलाइन प्राप्त आवेदन व पूर्व से लंबित आवेदनों को मिलाकर 61 हजार 289 लर्निंग लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। परिवहन विभाग को 260 करोड़ का राजस्व मिला है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 40 हजार से अधिक कामन सर्विस सेंटर व एमपी आनलाइन सर्विस केंद्र हैं, जहां से आवेदक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर रहे हैं।

### स्थायी लाइसेंस बनाने के लिए अलग से व्यवस्था होगी

लर्निंग लाइसेंस को स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) में तब्दील करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में अलग से व्यवस्था होगी। इसके लिए स्मार्ट चिप प्राइवेट लिमिटेड के डीएल कक्ष का इस्तेमाल आवेदकों के फोटो खींचने के लिए किया जाएगा। आवेदकों को समझाइश देने के लिए सहायता केंद्र बनाए हैं।



## राहुल गांधी पर एफआइआर दर्ज कराने थाने पहुंचे विधायक रामेश्वर शर्मा

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोलते हुए हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने उनके खिलाफ एफआआर दर्ज कराने का ऐलान कर दिया है। इतना ही नहीं, वे गुरुवार को सुबह 11 बजे राहुल गांधी पर एफआइआर दर्ज कराने थाने भी पहुंच गए। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा अपने समर्थकों के साथ राहुल गांधी माफी मांगो के नारे लगाते हुए युवा सदन मालवीय नगर से पैदल ही अरेरा हिल्स थाने पहुंचे। यहां उन्होंने आपत्तिजनक ट्वीट करने के मामले में एफआइआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे। इससे पहले उन्होंने एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल करते हुए बताया था कि राहुल कहते हैं कि बीजेपी और आरएसएस असली हिंदू नहीं हैं। वे लक्ष्मी और दुर्गा का अपमान करते हैं। इस पर पलटवार करते हुए शर्मा ने भोपाल में कहा कि राहुल गांधी, आप भी हिंदू नहीं हैं। आपके पूर्वज भी हिंदू नहीं थे। हमें खुद को हिंदू कहने में शर्मिंदगी का अहसास नहीं होता। जब नेहरू प्रधानमंत्री थे, तभी देश का विभाजन हुआ था और हजारों हिंदुओं की मौत हुई थी। आपको तो शुक्रगुजार होना चाहिए कि आरएसएस अस्तित्व में आया। शर्मा ने आगे कहा कि राहुल गांधी की मां ईसाई हैं। उनके बहनोई भी ईसाई हैं। लगता नहीं है कि राहुल गांधी में हिंदू खून है। उन्होंने राहुल पर हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने का आरोप भी लगाया। राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए शर्मा ने कहा था कि वे जल?द ही उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराएंगे। आज वह एफआइआर दर्ज कराने थाने पहुंच भी गए।

# किसान मंडी की जगह घर से बेच सकेंगे उपज

### हर सौदे का रहेगा रिकार्ड, मंडी शुल्क का भी नहीं होगा नुकसान



**भोपाल।** कोरोना संकट में मध्य प्रदेश की मंडियां बंद रहीं तो सरकार ने किसानों के घर जाकर उपज खरीदने की छूट व्यापारियों को दी थी। इसी वैकल्पिक उपाय ने अब नई राह खोल दी है। प्रायोगिक तौर पर की गई इस व्यवस्था में किसान और व्यापारियों की भागीदारी को देखते हुए राज्य सरकार अब मोबाइल एप से खरीदी की व्यवस्था को स्थायी रूप देने जा रही है। इससे व्यापारी मंडी के बाहर भी किसान की सहमति के आधार पर उपज खरीद सकेंगे। इससे किसान को मंडी तक आने की मशक्कत से छुटकारा मिलेगा। साथ ही सरकार को मिलने वाले मंडी टैक्स में भी कमी नहीं होगी।प्रदेश में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से प्रमुख रूप से गेहूं और धान की खरीद की जाती है। यहां किसान अपनी उपज लाते हैं और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम और राज्य सहकारी विपणन संघ के माध्यम से खरीदी होती है। इसके अलावा व्यापारी मंडियों में बोली लगाकर उपज खरीदते हैं। कोरोना संकट के समय मंडियों में खरीदी बंद रही।इससे उन किसानों को असुविधा हो रही थी, जो उपार्जन केंद्रों में उपज नहीं बेचते हैं। इसे देखते हुए शिवराज सरकार ने सौदा पत्रक के माध्यम से मंडी बोर्ड में पंजीकृत व्यापारियों को किसानों से सीधे उपज खरीदने की अनुमति दी। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए मोबाइल एप तैयार किया गया। इसमें व्यापारी जब किसान के पास उपज खरीदने के लिए पहुंचता है तो उसे किसान के मोबाइल नंबर सहित पूरी जानकारी दर्ज करनी होती है।इसके बाद किसान के पास ओटीपी आता है और जब वो वह नंबर व्यापारी को देता है तो आगे की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। किसान और व्यापारी के बीच सौदा पक्का होने पर उपज की मात्रा एप पर दर्ज की जाती है। इसके बाद सहमति के लिए किसान के पास फिर ओटीपी आता है और जब वह उसे व्यापारी को देता है तो फिर भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। व्यापारी जब भुगतान करता है तो फिर किसान के पास ओटीपी आता है। उसके द्वारा पुष्टि करने पर ही अनुज्ञा पत्रक जारी होता है और उपज को उठाने की अनुमति मिलती है। अपर मुख्य सचिव कृषि अजीत केसरी ने बताया कि मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 में सौदा पत्रक का प्रविधान है। इस व्यवस्था को मोबाइल एप के माध्यम से डिजीटल रूप दिया है। किसान अपनी इच्छा से पंजीकृत व्यापारी से सौदा करता है। अभी सौदा पत्रक होता था वो कागज का था। व्यापारी गांव में खरीदी करते थे और पर्ची काट देते थे पर मंडी को सूचना तब मिलती थी, जब वो सूचना देते थे और मंडी शुल्क चुकाते था। डिजीटल व्यवस्था होने से हम निगरानी कर सकते हैं। सौदा होते ही मंडी के पास रिकार्ड आ जाता है। इसमें किसान सौदे और भुगतान को प्रमाणित करता है।

### सौदा पत्रक से खरीदी के यह आए थे परिणाम

कोरोना संकट के दौरान सरकार ने व्यापारियों को मंडी के बाहर किसानों से सौदा पत्रक के माध्यम से उपज खरीदने की अनुमति दी थी। एक लाख 93 हजार 722 सौदा पत्रक जारी हुए। एक लाख 32 हजार 972 किसानों से सात लाख 91 हजार टन उपज खरीदी गई। किसानों द्वारा विक्रय की गई उपज का मूल्य दो हजार 212 करोड़ 48 लाख रुपये रहा। इससे सरकार को मंडी शुल्क के तौर पर 33 करोड़ 18 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

## शताब्दी, राजधानी एक्सप्रेस में फिर शुरू हुई ट्रॉली से नाश्ता/भोजन सर्व करने की सुविधा



**भोपाल।** प्रीमियम ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक अच?छी खबर है। हबीबगंज से नई दिल्ली के बीच चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस व भोपाल रेल मंडल से गुजरने वाली राजधानी और दूरंतों एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को ट्रॉली से नाश्ता सर्व करने की सुविधा पुन¬ शुरू कर दी गई है। कोरोना संक्रमण के चलते इन ट्रेनों में रेलवे की तरफ से भोजन देने की व्यवस्था बंद कर दी थी, जो अभी भी बंद है लेकिन पैक्ड खान-पान सामग्री सर्व की जा रही है। इन ट्रेनों में भोजन देना बंद किया, तो बोगियों में मिनी ट्रॉलियों का संचालन भी बंद कर दिया था, जिसे पुन¬ शुरू कर दिया गया है। बता दें कि कोरोना संक्रमण के बाद से इन ट्रेनों में वेंडर हैंड-टू-हैंड खानपान सामग्री सर्व कर रहे थे। इस व्यवस्था के कारण यात्रियों को थोड़ा इंतजार करना पड़ता था, क्योंकि वेंडर एक साथ सभी सामग्री सर्व करने के लिए बार-बार हॉटकैश व किचन स्टोर तक आना-जाना करते थे। हैंड-टू-हैंड नाश्ता सर्वे करने में दूसरी दिक्कत यह भी होती थी कि खानपान सामग्री को बार-बार छूना पड़ता था। यह सामग्री अधिक समय तक हाथों में रहती थी। ऐसे में कोरोना संक्रमण के खतरे का अंदेशा रहता था, जिसे देखते हुए रेलवे ने ट्रेनों में ट्रॉली से नाश्ता सर्व करने की इजाजत दे दी है। बता दें कि नई दिल्ली से भोपाल के हबीबगंज तक शताब्दी एक्सप्रेस चलती है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इसमें ट्रॉली व्यवस्था के विस्तार के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रियों को कम समय में मांग के अनुरूप नाश्ता मिल जाए। साथ ही नाश्ता ज्यादा देर तक वेंडरों के हाथों में न रहे और कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहे। वर्तमान में शताब्दी से भोपाल व हबीबगंज स्टेशन से रोजाना 500 से अधिक यात्री चढ़ते हैं। इतने ही यात्री दोनों स्टेशनों पर यात्रा समाप्त करते हैं। यह प्रीमियम ट्रेन है और भोपाल से दिल्ली के बीच रेल सफर को आसान बनाती है। इसमें सफर करने वाले यात्रियों को ट्रॉली सुविधा शुरू होने से खान-पान को लेकर आसानी होगी।

## यात्रियों से मनमाना किराया वसूला तो होगी कार्रवाई




**भोपाल।** यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने और नियमों के विपरीत व्यावसायिक माल का परिवहन करने वाले वाहनों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विभाग के अधिकारियों को ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से जांच अभियान चलाया जाए।दरअसल, मंत्री को यह सूचना मिली है कि कुछ बस मालिक व्यावसायिक माल का परिवहन कर रहे हैं। उन्हें यह भी पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय परमिट वाली बसों में त्योहारों को देखते हुए यात्रियों से ज्यादा किराया वसूला जा रहा है। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बस मालिकों और चालकों से बस संचालन के लिए निर्धारित नियम एवं निर्देशों का पालन कराना विभाग की जिम्मेदारी है। इसलिए नियमों का उल्लंघन कर यात्री बस संचालन करने वाले बस मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करें। मंत्री ने कहा है कि वे खुद औचक निरीक्षण कर बस मालिकों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की स्थिति देखेंगे। वे किसी भी जिले में औचक निरीक्षण कर सकते हैं।

### पूर्व विधायक उरमलिया को एक वर्ष की सजा, जमानत मंजूर

सांसद-विधायकों के मामले की सुनवाई करने वाली राजधानी की अदालत ने पुलिस कर्मचारियों से मारपीट के मामले में पूर्व विधायक राजकुमार उरमिलया को मंगलवार को एक वर्ष की सजा और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। हालांकि इस मामले में विशेष अदालत ने उरमिया की जमानत भी मंजूर कर ली। जिला न्यायालय के विशेष जज प्रवेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस से मारपीट, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक को दंडित किया गया। फैसले के बाद उरमिलया के वकील की ओर से जमानत का आवेदन पेश किया गया, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। बता दें कि वर्ष 2010 में राजकुमार उरमलिया रीवा की सिरमौर सीट से बसपा से विधायक थे। तब उनके खिलाफ अतरैला थाना में केस दर्ज हुआ था। इस मामले में उरमलिया के अलावा गेंदालाल, अवध नारायण, वीरेंद्र भी आरोपित बनाए गए थे।

## राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मनाएगी मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस, शुक्रवार को प्रदर्शन



**भोपाल।** युवा काग्रेस 17 सितबर शुक्रवार को पूरे प्रदेश म राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मनाएगा। इसमे सभी जिला और विधानसभा मुख्यालयों में सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपे जाएंगे। वहीं, संगठन भविष्य के प्रवक्ताओं की खोज करने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता पराग शर्मा ने बताया कि यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम के तहत जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले चरण में प्रतिभागियों की जानकारी 22 अक्टूबर तक एकत्र की जाएगी।दूसरे चरण में प्रतिभागियों की भाषण प्रतियोगिता होगी। इसमें जीतने वाले पांच प्रतिभागियों को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर फिर भाषण प्रतियोगिता होगी और पांच का चयन प्रदेश प्रवक्ता के लिए किया जाएगा। प्रत्येक प्रदेश से चयनित पांच-पांच प्रतिभागी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता 14 नवंबर को नई दिल्ली में होगी और उसके विजेता को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा।प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ.विक्रांत भूरिया ने बताया कि संगठन ने तय किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को बेरोजगारी दिवस के रूप में बनाएगा। मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में जिला और विधानसभा मुख्यालय पर प्रदर्शन होंगे। सरकार रोजगार देने के नाम पर सिर्फ युवाओं के साथ धोखाधड़ी कर रही है। एक लाख से ज्यादा बैकलॉग के पद रिक्त हैं लेकिन इन्हें भरने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र नहीं दिए जा रहे हैं और जब बेरोजगार रोजगार देने की मांग करने के लिए राजधानी भोपाल आते हैं तो पुलिस उन पर लाठीचार्ज करती है। आदिवासी हो या फिर पिछड़ा वर्ग, सब पर अत्याचार हो रहा है। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कानून व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीइबी) में गड़बड़ियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी वजह से पिछले दिनों ही तीन परीक्षाएं रद करनी पड़ी हैं। बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मिलेगा 2,590 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अधोसंरचना विकास के कामों में खर्च हो रही राशि को देखते हुए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने की अनुमति दी है। इससे प्रदेश सरकार दो हजार 590 करोड़ रुपये अतिरिक्त ऋण ले सकेगी। इसका उपयोग अधोसंरचना विकास की परियोजनाओं को गति देने में किया जाएगा। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में पूंजीगत व्यय का लक्ष्य हासिल करने वाले राज्यों को 15 हजार 721 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि जुटाने की अनुमति दी है। यह मध्य प्रदेश सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 0.25 प्रतिशत के बराबर होगी। वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्यों पर लगातार जोर दिया जा रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार ने एक प्रतिशत अतिरिक्त लेने की अनुमति भी केंद्र सरकार से मांगी है, जिस पर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। दरअसल, पिछले वित्तीय वर्ष में कोरोना से प्रभावित आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्रदेश को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में दो प्रतिशत अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी थी।

## पीपीई किट पहनकर लोक सेवा केंद्र में घुसे थे चोर

**भोपाल।** राजधानी के कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित लोक सेवा केंद्र इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। ऐसा इसलिए क्योंकि कभी इस लोक सेवा केंद्र में दिनभर बिजली नहीं रहती तो कभी सर्वर डाउन और अन्य समस्याओं के कारण लोगों के आवेदन जमा नहीं हो पाते हैं। हैरत की बात तो यह है कि विगत दिनों यहां पीपीई किट पहनकर रात के समय चोर घुस गए। इस दौरान कुछ हार्ड डिस्क और कागजात भी चोरी होने की खबर आई, लेकिन इसके बावजूद लोक सेवा केंद्र के जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं टूटी। लोक सेवा प्रबंधन की सुस्ती का आलम यह है कि इस मामले में अब तक एफआइआर ही दर्ज नहीं कराई गई है

खितौला रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण का वर्चुअल भूमि पूजन आज

# बरसों पुरानी मांग पूरी होने से नगर को मिली सौगात

शहर के खितौला फाटक पर लगने वाले जाम से जल्द मुक्ति मिलेगी। दरअसल, मार्च 2019 में रेलवे ओवर ब्रिज सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार एवं लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश शासन ने केंद्रीय अधोसंरचना निधि से (आरओबी) स्वीकृत किया गया था।25 .95 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण किया जाना है।

**आरओबी की फैक्ट फाइल**

कहां से कहां तक - सिहोरा नगर से उमरिया पान रोड की ओर
लंबाई - 866.48मीटर
चौड़ाई - 12 मीटर
लागत - 25.96करोड़ रुपये



सिहोरा । गुरूवार को नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन, शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री , ज्योतिरादित्य सिंधिया ,नरेंद्र सिंह तोमर , गोपाल भार्गव,सांसद राकेश सिंह,विधायक नदनी मरावी की गरिमामय उपस्थिति में वर्चुअल भूमिपूजन होगा। बता दें कि निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने पहले ही टेंडर जारी कर दिए हैं।

अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण अधिकारियों ने बताया कि फाटक पर ब्रिज निर्माण के बाद सिहोरा से मंझगवा सिलौंडी एवं उमरिया पान होकर शहडोल की ओर जाने वालों को सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि जबलपुर कटनी रेल खंड के 1029/4-5 किमी पर लेवल क्रॉसिंग 336 रेलवे फाटक 24 घंटे में अनेक बार बंद होता है। लिहाजा जाम की बड़ी समस्या होने के कारण आरओबी निर्माण की मांग भी सालों पुरानी है ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर राजनीतिक गैर राजनीतिक दलों द्वारा अनेकों बार तरह तरह के आंदोलन करके जनभावनाओं से अवगत भी कराया गया है ।

### भूमि अधिग्रहण बना था निर्माण में बाधा

आरओबी के निर्माण में पहले भूमि अधिग्रहण बाधा बन गया था। ओवर ब्रिज निर्माण में खितौला हल्का के 23 किसानों की लगभग 1.17 हेक्टेयर एवं सकरी हल्का के 19 किसानों की लगभग 0.543 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। दो साल पहले क्षेत्रीय सांसद राकेश सिंह विधायक नंदनी मरावी, नगर पालिका,रेलवे और पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया था। आरओबी की डिजाइन में टकराव की स्थिति सामने आई थी। इसके साथ ही जमीन की उपलब्धता को लेकर भी निर्माण कार्य में देरी हुई। किंतु विगत दिवस सांसद ने अधिकारियों की संयुक्त बैठक का शीघ्र भूमि अधिग्रहण के मामले को निपटाने निर्देशित किया था।

### 12 मीटर चौड़ा एवं 866 मीटर लंबा होगा आर ओ वी

आरओबी का निर्माण 12 मीटर चौड़ा एवं 866.48 मीटर लंबा होगा। साथ ही दोनों ही ओर 2.5 मीटर के फुटपाथ भी बनाए जाएंगे वही लगभग 9 मीटर की हाइट होगी। अधिकारियों ने बताया कि आरओबी के निर्माण के बाद भी बस्ती के आवागमन हेतु रेलवे फाटक यथावत जारी रहेगा।

### खितौला बस स्टैंड में होगा लाइव टेलीकास्ट

वर्चुअल भूमि पूजन के पूर्व आज बुधवार को लोक निर्माण विभाग के एसडीओ प्रमोद गोटिया स्थानीय प्रशासन के मुखिया अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे,दीप किरण नायडू सब इंजिनियर ,नायव तहसीलदार रूबी खान ,राहुल मेश्राम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान ,खितौला थाना प्रभारी जगोतिन मसराम, सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं ने भूमि पूजन स्थल का निरीक्षण कर खितौला बस स्टैंड में वर्चुअल भूमि पूजन की लाइव टेलीकास्ट का निर्णय लिया है जिसमें बड़ी संख्या में मझगवा , बघराजी , उमरिया पान ,सिहोरा, खितौला, गोसलपुर के कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित होंगे।

## पीडित अस्पताल में और विरोधी ने मवेशियों से चरवा दी धान

सिहोरा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने भले ही सुशासन की बातें करते हुए गुंडे बदमाशों को मध्यप्रदेश छोड़ने का मंच से ऐलान कर दिया हो लेकिन मध्यप्रदेश के जबलपुर के ग्रामीण थाना क्षेत्र सिहोरा में दबंगो और गुंडे बदमाशो के हौसले सातवे आसमान पर है, जिसका ताजा उदाहरण सिहोरा थाना क्षेत्र के खिरवा बंधा का प्रकाश में आया है, खिरवा बंधा में विगत दिनो बलवा कर एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गम्भीर चोटें पहुँचाने वालों के हौसले इतने बुलंद है की एक पक्ष जब मैडिकल कालेज में इलाज करवा रहा था उसी दौरान उसके खेत मे खड़ी 6 एकड़ में लगी धान की फसल को मवेशियों से चरवा लिया अब ऐसे में अंचल यादव के पिता शिकायतकर्ता जवाहर यादव ने सोमवार के दिन जबलपुर एसपी व कलेक्टर को लिखित आवेदन देते हुए जान और माल की रक्षा की गुहार लगाई है।

## सब जेल में मनाया गया हिन्दी दिवस समारोह

**सिहोरा ।** स्व सेवा संयोजन समिति के तत्वावधान में सबजेल सिहोरा में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जेल प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया इसके पश्चात साहित्य संगोष्ठी की गई।कार्यक्रम का आयोजन शहर के वरिष्ठ कवि अश्विनी पाठक के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ कवि विजय बागरी विजय के विशिष्ट आतिथ्य तथा सेवानिवृत्त जेलर साहित्यकार अनंत प्रतापसिंह परिहार के सारस्वत आतिथ्य में किया गया।साहित्य संगोष्ठि की अध्यक्षता सहायक अधीक्षक दिलीप नायक द्वारा की गई। संगोष्ठि में अनेक कवियों ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर हिन्दी की सौन्दर्य, लालित्य और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। साथ ही हिन्दी की समस्त विधाओं दोहा, छंद, मुक्तक, गजल,गीत,कहानी,कुण्डलिनी , प्रेरक प्रसंग, संस्मरण आदि पर अपनी सुन्दर रचनाएँ प्रस्तुत की।कार्यक्रम अध्यक्ष ने भी सुन्दर गीत प्रस्तुत किया साथ ही कुछ बंदियों ऋषभ, राममिलन एवं सुमित द्वारा भी स्वरचित रचनाएँ प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर समिति द्वारा सब जेल में बन्दियों के लिए चलित पुस्तकालय का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन नंदिनी सोनी जेल प्रहरी एंव नारायण तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्व सेवा संयोजन समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा कर्चुली, श्रीमती रश्मि सेठी, श्रीमती सुषमा खरे, श्रीमती साधना साहू तथा कवि रमाकांत पाठक, अखिलेश माँझी, आशीष शर्मा, तौहीद खान,प्रमोद दाहिया, संजय तिवारी, नारायण तिवारी, सूर्यकांत त्रिपाठी ,अखिलेश खरे,अरविंद मिश्रा तथा कवियित्री श्रीमती प्रियंका मिश्रा, कुमारी यशिका तिवारी ने अपनी रचनाओं से सभी को प्रभावित किया।मुख्य अतिथि, विशिष्ट ने अपनी कविताओं से न केवल सभी का मन मोहा अपितु प्रेरक संदेश भी दिया। डाक्टर राघवेंद्र त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कोरोना काल में सेवा कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**विश्व हिंदू परिषद की वार्षिक बैठक संपन्न विश्व हिंदू परिषद**

**जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद जिला की वार्षिक बैठक प्रज्ञा मंडपम में संपन्न हुई। जिसमें प्रांत के लिए निर्णय की जानकारी, प्रखंड के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा, आगामी योजनाओं, वार्षिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण काल में सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर वाणी अहलूवालिया, सह मंत्री प्रदीप गुप्ता ,चंद्रकांत मिश्रा, संजय तिवारी, पंकज, रुपेश नायडू, विशाल नामदेव, संजय सेठ, जितेंद्र उपाध्याय, राजेश पटेल, अशोक ठाकुर के साथ ही महाकौशल प्रांत जिला प्रखंड के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## डेंगू पर प्रहार के लिए दिलाई गई शपथ

**सिहोरा ।** डेंगू के नियंत्रण एवं बचाव हेतु प्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज से चलाए जा रहे डेंगू पर प्रहार महा अभियान अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में प्रबंधन समूह की बैठक आहूत कर जनप्रतिनिधियों के साथ जन सामान्य को जागरूक करने के लिए स्थानीय विश्राम गृह सिहोरा बस स्टैंड खितौला मैं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया इसके अलावा वाहन रैली के माध्यम से डेंगू पर प्रहार से संबंधित मुनादी के द्वारा प्रचार प्रसार किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे के द्वारा किया गया मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान ने सभी बड़ों में सर्वे कराए जाने के साथ डेंगू से बचाव हेतु मच्छरदानी के प्रयोग पानी के जमाव को रोकना पूरी वांह के कपड़े पहनना सहित अन्य जानकारी देते हुएजनप्रतिनिधियों से सर्वे में भाग लेने का अनुरोध किया कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा मोर ,राजेश दाहिया,अभिषेक परौहा, अनुपम सराफ, माधव मिश्रा, अरुण जैन ,प्रशांत परौहा, शिशिर पांडे, अनिकेत तिवारी ,विनय जैन, विनोद सेठी, अभिषेक तिवारी,राजकुमार गुप्ता, रोहित यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## संक्रमण को रोकने किया जा रहा छिडकाव



पाटन। शहर में बढते डेंगू और मलेरिया के बढते संक्रमण को देखते हुए नगर के प्रत्येक वार्ड में कीटनाशक दवाओं और पाउडर का छिडकाव किया जा रहा है बही मुनादी के जरिये लोगो से अपने घरों और दुकानों के आसपास साफ सफाई और पानी जमा न हो कि अपील लगातार की जा रही है बदलते मौसम की बजह से कूलर के प्रयोग न करने साफ पानी पीने की सलाह दी जा रही है।

## किसान संघ ने माँगो को लेकर दिया ज्ञापन



**पाटन।** भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई ने किसानों की मांगों के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया किसानों की खाद बिजली नहर और आगामी धान और मक्का खरीदी में आने बाली समस्याओं से अवगत कराया संघ के पदाधिकारियो द्वारा भगवान बलराम की जयंती पर पूजन किया गया जिसमें तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण सोनी ओमनारायण पचौरी रघुनाथ सिंह गजेंद्र सिंह विवेक बेहुरे रितेश पटेल मुकुल पचौरी केशव तिवारी उपस्थित रहे।

## शासकीय महाकोशल कालेज में जंगल राज

**जबलपुर।** म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने में बताया कि प्रदेश के शासकीय एवं स्वाशासी महाविद्यालयों में नियमित प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकों के पद रिक्त हैं जिनके विरूद्ध अतिथि विद्धवानों को नियुक्त कर सम्मानजक मानदेय दिये जाने का प्रावधान है। किन्तु शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वाशासी महाविद्यालय जबलपुर की प्राचार्य द्वारा विगत पांच माहों से वित्तीय अतिथि विद्धानों का मानदेय भुगतान नहीं किया जा रहा है। उक्त अतिथि विद्धवानों को न्यूनतम 825 प्रति कार्य दिवस तथा पूरे माह में मात्र 12000/- भुगतान किये जाने का प्रावधान है। प्राचार्य द्वारा स्वयंभू नियमों से न्यूनतम मानदेय 825 से घटाकर 400 प्रति कार्यदिवस कर दिया गया है, जिसका भुगतान भी प्राचार्य द्वारा नहीं किया गया है। प्राचार्य की इस तानाशाही के चलते महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि विद्धनों को अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।संघ के संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, मंसूर बेग, शहजाद द्विवेदी, रजनीश पाण्डे, अजय दुबे, दालचन्द पासी, सतीश उपाध्याय, जयप्रकाश गुप्ता, मुन्नालाल पटैल, मनोज खन्ना, राजेश चतुर्वेदी, गोविन्द विल्थरे, डी.डी गुप्ता, रजनीश तिवारी, डी.डी.गुप्ता, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, एवं प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा म.प्र.शासनदको ई-मेल के माध्यम से पत्र प्रेषित कर वित्तीय अतिथि विद्धवानों का लंबित शासन द्वारा निर्धारिरत दर से वेतन का भुगतान कराया जावे तथा ऐसी तानाशा एवं हटधर्मिता करने वाली प्राचार्य पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे, अन्यथा संघ आन्दोलन हेतु वाध्य होगा।

**वित्तीय अतिथि विद्धवानों का आर्थिक शोषण बन्द हो, संघ की मांग**

## धनपुरी थाना क्षेत्र की सभी सीमाओं मे लगाए गए सांकेतिक बोर्ड

**सप्ताह में एक दिन थाना में जनसुनवाई सीमा प्रारंभ समाप्त के सांकेतिक बोर्ड से भ्रम की स्थिति हुई समाप्त**

**धनपुरी।** गतदिवस जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत की सभी ग्रामीण और नगरीय सीमा क्षेत्र मे धनपुरी थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे द्वारा अपने साथी पुलिस के जवानों के साथ थाना क्षेत्र मे करीब आधा दर्जन अलग-अलग सीमा क्षेत्रों मे, सीमा प्रारंभ और समाप्ति का सांकेतिक बोर्ड लगाया गया। मालुम हो कि पहली बार धनपुरी थाना क्षेत्र की सीमाओं मे ऐसे सांकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं, सांकेतिक बोर्ड नही लगे होने से थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में कोई घटना-दुर्घटना हो जाने पर बाहरी राहगीरों को तो दिक्कतों का सामना करना ही पड़ता था साथ हि सीमाक्षेत्र को लेकर धनपुरी और पड़ोसी थाना-चौकी क्षेत्र की पुलिस में अक्सर असमंजस की स्थिति बनी रहती थी।

### यहां-यहां लगाए गए हैं सांकेतिक बोर्ड

ज्ञात हो कि धनपुरी थाना प्रभारी द्वारा धनपुरी और चचाई थाना (देवहरा चौकी) की सीमा को अलग करने वाली सीमा के पास, धनौरा गांव में खैरहा थाना क्षेत्र की सीमा के पास, बंगवार-धनपुरी मार्ग में खैरहा बाईपास मार्ग में खैरहा थाना की दूसरी सीमा के पास, रेल्वे क्रासिंग एक नंबर के पास अमलाई थाने की जुड़ाव सीमा के पास, नरगड़ा नाला के पास बुढ़ार थाना क्षेत्र की सीमा के पास, धनपुरी वेलकम गेट के पास, आदि जगहों पर सांकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं, सभी बोर्ड रेडियम से लिखे हुए हैं जिससे कि रात के समय भी राहगीरों को आसानी से बोर्ड दिखाई दे सके। सभी सांकेतिक बोर्ड मे, भारत का अधोवाक्य सत्यमेव जयते, और म.प्र. पुलिस का अधोवाक्य देशभक्ति जनसेवा के साथ-साथ वाहन धीरे चलाने के संदेश, और धनपुरी थाने का स्थाई दूरभाष नंबर भी लिखा गया है जिससे कोई बाहरी राहगीर भी आपातकालीन स्थिति में सीधे थाने से मदद मांग सके।



### रजत जयंती वर्ष मना रहा धनपुरी थाना क्षेत्र

मालुम हो कि ब्रिटिश शासनकाल 1927 में धनपुरी में पुलिस चौकी की स्थापना की गई थी जिसे आज़ादी के बाद 1994 में पुलिस थाना बनाया गया, यानी वर्तमान में धनपुरी को थाना बने 25 वर्ष हो गए इसलिए धनपुरी पुलिस थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के साथ-साथ पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके इसके लिए लगातार नवाचार कर रही है। जिसके तहत ही धनपुरी थाना प्रभारी थाना क्षेत्र के सूदूर आदिवासी अंचलों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं, थाना क्षेत्र की सीमा सुनिश्चित करने वाले सांकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं।

वहीं धनपुरी थाना में सप्ताह में एक दिन के लिए जनसुनवाई भी रखी जा रही हैं जिससे थाना क्षेत्र की आम जनता के छोटे-छोटे मामले पुलिसिया समझाइस से निपटाई जा सकें। साथ हि थाना संबंधित अपने चरित्र प्रमाण पत्र आदि आवेदकों को जल्द से जल्द प्राप्त हो सके।

## अंडर ब्रिज मे भरा पानी राहगीर हो रहे परेशान , रेल प्रशासन नही दे रहा धयान

।।करकबेल ।।पशचिम मधय रेल गेट न .288 मुगंली पर बना अडंर ब्रिज पर बरसाती पानी भरने से मुगंली ,सिवनी ,परसवाडा के ग्रामीणो की आवाजाही बंद होने के कारण परेशान है इन गांवो को जाने के लिए एक ही मार्ग है ।इस सबंध मे अनेको बार इन ग्रामो के नागरिको ने जानकारी देकर अवगत कराया ।लेकिन आज तक पानी के निकासी लिए रेल प्रशासन ने कोई ठोस काम नही किया ।इस गंभीर समासया धयान देकर ।भरे हुए पानी की निकासी निकलने हेतु कारगर कदम उठाये ।



# आईटीआई का शर्मसार करने वाला कारनामा

**जबलपुर।** शासकीय आईटीआई माढ़ोताल का एक और शर्मसार करने वाला कारनामा सामने आया है जब कोपा (ट्रेड) डिप्लोमा कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा दिये बिना ही वापस लौटना पड़ा जिसमें ज्यादातर विद्यार्थी दिव्यांग थे। ये विद्यार्थी कोपा आईटीआई कोर्स याने कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेड की परीक्षा देने पहुंचे थे, जिसे पूर्व में सूचित किये बिना ही स्थगित कर दिया गया जिससे विद्यार्थियों को बेवजह ही परेषान होना पड़ा। यह शासकीय आदर्ष आईटीआई के परीक्षा विभाग से संबधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही का नतीजा है। इससे दिव्यांग विद्यार्थियों की मानसिकता पर विपरीत असर होते हुए उनकी मानसिकता पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि यह पहला अवसर नहीं है कि बिना सूचना के परीक्षा स्थगित की गयी हो इसके पहले अप्रेल माह में भी परीक्षा होनी थी परंतु बिना सूचना के उसे स्थगित कर दिया गया था। अति तो तब हुई जब दिव्यांग विद्यार्थियों को गेट से ही वापस कर दिया गया कि परीक्षा स्थगित कर दी गई है वो भी बिना पूर्व में सूचना दिए। जबकि इस डिप्लोमा परीक्षा के प्रेक्टिकल हो चुके हैं परंतु अभी थ्योरी के फाइनल पेपर होना बाकी है जिसे देने के लिए दिव्यांग विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र पहुंचे थे। परंतु मैनेजमेंट के द्वारा उन्हे एन केन प्रकारेण भटकाया जा रहा है।संघ ने बताया कि परीक्षा देने शहर के बाहर के विद्यार्थी पहुंचे थे जिसमें ज्यादातर दिव्यांग विद्यार्थी थे। ज्ञात रहे कि दिव्यांग विद्यार्थी कभी भी अकेले नहीं आते उनके साथ उनके परिवार का एक हेल्पर भी आता है ऐसे में उनके आने जाने का किराया, रूकने का भाड़ा और खान-पान में हुए खर्चो का भुगतान कौन करेगा यह बड़ा सवाल सामने खड़ा है। आखिर मैनेजमेंट की लापरवाही का खामियाजा विद्यार्थी क्यों भुगते, वो भी दिव्यांग विद्यार्थी। इस प्रकार की लापरवाही भविष्य में न हो अतः शासन-प्रषासन को इस पर कड़ी कार्यवाही करना चाहिए। संघ के मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, अब्दुल सत्तार, दिनेष गौंड़, एनोस विक्टर, कैलाष शर्मा, अरूण जैन, आदि ने कमिश्नर जबलपुर संभाग से मांग की है कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए इस मामले की उचित कार्यवाही की जाए।

**दिव्यांग विद्यार्थियों की मानसिकता पर कुठाराघात**

## बूंदाबांदी में हो रहे फॉल्ट, ट्रिपिंग ने बढ़ाई सिरदर्दी

**बघराजी।** विद्युत विभाग द्वारा बारिश के पूर्व किये गए मेंटेनेंस कार्य की सारी तैयारियों की पोल हल्की बारिश होने से ही खुल गई, अभी मानसून ने ठीक तरह से दस्तक भी नहीं दी और बिजली बंद होने का रोना शुरू हो गया मेंटेनेंस में घटिया उपकरणों के उपयोग किए जाने की वजह से आए दिन फाल्ट हो रहे हैं ।

मामूली फॉल्ट को सुधारने में ही विद्युत कर्मचारियों को घंटों का समय लग जाता है हद तो यह है कि सुधार कार्य के बाद भी 10 से 15 मिनट में ट्रिपिंग की समस्या ने लोगों का सिर दर्द बढ़ा दिया है बुधवार शाम हुई बूंदाबांदी के बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गई सुधार कार्य चालू किया गया लेकिन नौसिखिये कर्मचारियों की तरह। आलम यह रहा है कि 1 घंटे के अंतराल में करीब 5 से 6 बार बिजली ट्रिपिंग हुई हर 5 से 10 मिनट के अंतराल मे बिजली बंद चालू होती रही जितना सिर दर्द बिजली बंद होने में नहीं होता उससे ज्यादा ट्रिपिंग के कारण होता है गत शाम हल्की बारिश के दौरान ही नगर भर में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई बारिश के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई कई क्षेत्रों में फाल्ट के कारण घंटे भर आपूर्ति बाधित रही है बार बार फाल्ट आने की बात कहकर विद्युत मंडल के कर्मचारी बिजली के चालू बंद होने का खेल खेलते रहे इस बीच आपूर्ति ठप रहने के कारण लोग काफी परेशान नजर आए सुधार कार्य में लगे कर्मचारियों से सुधार कार्य की जानकारी लेते रहे कर्मचारियों द्वारा कभी पांच तो कभी 10 मिनट में बिजली बंद चालू करते रहे रात 11 बजे से जो बिजली बंद हुई तो सुबह 11:30 बजे बिजली सप्लाई चालू कराई जा सकी वर्षा काल के पूर्व विद्युत विभाग द्वारा लाखों रुपए फूंककर मेंटेनेंस कार्य किया जाता है लेकिन हल्की बारिश और हवाओं के चलने से ही लाइनों में तो कहीं ट्रांसफार्मर मे फाल्ट हो जाता है एक फाल्ट को सुधारने में ही घंटों का समय लग जाता है लाखों का बजट खपाने के बाद भी हालात बद से बदतर हो गए हैं कहीं भी फॉल्ट फ्यूज का रोना है कहीं तार टूट कर गिर रहा है तो कहीं बिगड़े ट्रांसफार्मर बदले नहीं जा रहे विभागीय अधिकारी फोन उठाते नहीं कर्मचारी उपभोक्ताओं के सवालों को जवाब देने में हाथ खड़े कर रहे हैं बघराजी में बीमार बिजली आपूर्ति सिस्टम लोगों को भी बीमार कर रहा है ना दिन के समय नियमित आपूर्ति का भरोसा है ना रात में गारंटी दिन भर की आपाधापी से फारिग होकर लोग जब आधी रात एसी, कूलर, पंखे, के सहारे नींद में गाफिल होते हैं वैसे ही अचानक बिजली गुल करने की बीमारी विद्युत मंडल में और गंभीर होती जा रही है ।

**हल्के फाल्ट सुधारने में छूट रहा पसीना, नौसिखिया जैसा काम**

## सुविधाओं के बावजूद भटकते हैं मरीजों के परिजन

**कुंडम.**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में माननीय राज्यसभा सांसद विवेक तंखा जी के द्वारा एक माह पूर्व अपनी सांसद निधि से एक एंबुलेंस भेंट की गई थी कुंडम अस्पताल के लिए जो विगत 1 माह से उसका संचालन शुरू ही नहीं हो पाया है जबकि मरीज गाड़ियों के लिए यहां वहां भटकते रहते हैं और एंबुलेंस अस्पतालों में खड़ी रहती है जिससे यूथ कांग्रेसियों में आक्रोश देखा जा रहा है जिसको लेकर युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार कुंडम यूथ कांग्रेस के महासचिव विपिन जायसवाल द्वारा यूथ कांग्रेस की टीम के साथ कुंडम समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन मैं लिखा गया है कि अगर 15 दिवस के अंदर एंबुलेंस का संचालन शुरू नहीं किया गया तो यूथ कांग्रेस महासचिव के द्वारा उग्र आंदोलन एवं प्रदर्शन किया जाएगा ज्ञापन सौंपते समय नीरज प्रहलाद झारिया,अमन बर्मन ,गणेश जायसवाल, हल्के पाठकार, टीनू सेन सहित यूथ कांग्रेस के लोग उपस्थित थे।



## जब मैं ऋषिकेश ने महानायक से किया खत का जिक्र



**जबलपुर।** में दुनिया में कहीं भी रहूं मगर जबलपुर के बिना अधूरा हूं कई सारी शूटिंग में एक साथ व्यस्त रहने के बाद जब भी थोड़ा सा वक्त मिलता है जबलपुर आ जाता हूं यह कहना है कि जबलपुर के बॉलीवुड कलाकार ऋषिकेश पांडे का उन्होंने बताया कि हाल ही में जब सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से मुलाकात हुई तो उन्होंने उस चिट्ठी के बारे में बताया जो उनके द्वारा कब लिखी गई थी जब श्री बच्चन कुली फिल्म के दौरान गंभीर रूप से चोटिल हो गए थे इस खत का जिक्र सुनकर महानायक आश्चर्यचकित रह गए ऋषिकेश ने बताया कि वैसे तो अमित जी से विभिन्न प्रोजेक्ट के दौरान मुलाकात कोई लेकिन ऐसे मौके नहीं आए जब इसके बारे में बात की जा सके हाल ही में जब फिल्म मैदे की शूटिंग के बीच में वक्त मिला तो अमित जी और वे काफी देर तक एक साथ रहे ऋषिकेश इस फिल्म में एक की भूमिका निभा रहे हैं फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ अजय देवगन भी है।



# MS Dhoni के लिए अब रन बना पाना मुश्किल



## पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने बताया कारण

**IPL 2021 में सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के लिए रन बनाना क्यों होगा मुश्किल इसके बारे में टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने बताया। धौनी इस सीजन के पहले 7 मैचों में रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे थे।**

**नई दिल्ली ।** पहले सात मैचों में महेंद्र सिंह धौनी बल्लेबाजी करने काफी नीचे आ रहे थे। इस सीजन के पहले हिस्से में उन्होंने दूसरे बल्लेबाजों को जमकर प्रमोट किया और अपने-आप को बल्लेबाजी में काफी नीचे रखा था। धौनी इन मैचों में रन बनाने के लिए संघर्ष देखे गए थे। पिछले आइपीएल सीजन यानी 2020 में भी धौनी के बल्ले से रन नहीं निकले थे और उन्होंने 14 मैचों में सिर्फ 200 रन बनाए थे। एक बार फिर से आइपीएल 2021 पार्ट-टू की शुरुआत 19 सितंबर से होने जा रहा है और वो टीम के लिए रन बना पाएंगे या नहीं इसके बारे में पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने बताया।

गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक शो पर बात करते हुए कहा कि, धौनी अपने टी20 क्रिकेट करियर के आखिरी दौर में टीम के लिए एक मेंटर और विकेटकीपर बनने की कोशिश कर रहे हैं। एमएस धौनी एक ऐसे खिलाड़ी थे जो वास्तव में नंबर 4 या 5 पर बल्लेबाजी करते थे, लेकिन हमने पहले चरण में देखा है कि वह आम तौर पर नंबर 6 या 7 पर बल्लेबाजी करने आए थे। कई बार ऐसा भी हुआ जब उन्होंने सैम कुर्रन को भी खुद से पहले बल्लेबाजी करने के लिए भेजा।

गंभीर ने आगे कहा कि, इसके पीछे कारण यह है कि वह शायद एक मेंटर और विकेटकीपर बनने की कोशिश कर रहे हैं जो टीम का नेतृत्व कर सकें और विकेट कीपिंग कर सकें। वो क्रीज पर तब उतरना चाहते है जब स्थिति ये हो कि उन्हें उतरना ही होगा और आखिरी की 8-10 गेंदें खेलनी होंगी। गंभीर ने आगे कहा कि, आइपीएल में उन खिलाड़ियों के लिए रन बनाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है जो इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि, आइपीएल को आप सीपीएल या अन्य लीग की तरह नहीं मान सकते। ये काफी कठिन लीग है और धौनी के लिए मुश्किल होने वाली है क्योंकि वो इंटरनेशनल मैच नहीं खेल रहे हैं। आइपीएल में आपको दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों का सामना करना होता है। मुझे लगता है कि, सीएसके के शीर्ष क्रम को जमकर रन बनाने की जरूरत है क्योंकि अब धौनी में पहले वाली बात नहीं है।

# हनुमा विहारी ने छोड़ी आंध्र प्रदेश की टीम, अब इस टीम के लिए खेलेंगे घरेलू क्रिकेट



## हनुमा विहारी अब हैदराबाद की टीम के लिए खेलते नजर आएंगे।

**भारत के टेस्ट क्रिकेटर हनुमा विहारी ने आंध्रा क्रिकेट एसोसिएशन से अलग होने का फैसला किया है और हैदराबाद लौट आए हैं। जहां उन्होंने 2010 में डेब्यू किया था। अब वह घरेलू क्रिकेट के आगामी 2021/22 सीजन में हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करेंगे।**

**हैदराबाद।** भारत के टेस्ट क्रिकेटर हनुमा विहारी ने आंध्रा क्रिकेट एसोसिएशन से अपनी राहें अलग कर ली हैं। हनुमा विहारी ने आंध्रा की टीम से अलग होने का फैसला किया है और वे फिर से हैदराबाद की टीम में लौट आए हैं, जहां उन्होंने 2010 में घरेलू क्रिकेट में डेब्यू किया था। अब वह घरेलू क्रिकेट के आगामी 2021/22 सीजन में हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन यानी एचसीए का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे।

दाएं हाथ के बल्लेबाज हनुमा विहारी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं अच्छी शर्तों पर आंध्रा क्रिकेट संघ से अलग हो रहा हूं। मुझे पिछले 5 वर्षों से आंध्रा का कप्तान और प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है। मैं एक ऐसी टीम में विकसित हुआ, जिस पर हमें गर्व है। मैं अपने सभी साथियों, कोचों और एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

हनुमा विहारी ने अपने इस बयान में ये भी बता दिया है कि वे अब घरेलू क्रिकेट में हैदराबाद के लिए खेलते नजर आएंगे। उन्होंने आगे कहा, मैं आने वाले सत्र से हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन का हिस्सा रहूंगा। विहारी ने 12 टेस्ट मैचों में 32.84 के औसत से 624 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक उनके नाम हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम के सदस्य थे, जहां उन्हें एक भी टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला।

घरेलू क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने 94 प्रथम श्रेणी मैचों में 21 शतकों और 37 अर्धशतकों के साथ 55 के औसत से 7261 रन बनाए हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 302 रन था जो कि रणजी ट्रॉफी के 2017/18 सीजन में ओडिशा के खिलाफ आया था। हनुमा विहारी आइपीएल 2021 में किसी भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। ऐसे में उनका पूरा फोकस अब घरेलू क्रिकेट में तीनों प्रारूपों में हैदराबाद क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करने पर होगा।

# नुसरत जहां के बेटे के बर्थ सर्टिफिकेट से हुआ पिता के नाम का खुलासा



**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद और बंगला फिल्मों की एक्ट्रेस नुसरत जहां पिछले काफी दिनों से खबरों में छाई हुईं हैं। पहले उनके पति निखिल जैन के साथ तलाक, बाद में प्रेग्नेंसी की न्यूज ने नुसरत को हेडलाइन में ला दिया। सोशल मीडिया पर भी नुसरत अपने बच्चे के पिता को लेकर काफी कुछ सुनती रहती हैं। पर अब खुलासा हो गया है कि नुसरत के बेटे का पिता कौन है।

## ये हैं बच्चे के पिता

दरअसल, एक्ट्रेस के नवजात बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे के नाम के कॉलम में यिशान जे दासगुप्ता लिखा है। साथ ही पिता का नाम देबाशीष दासगुप्ता बताया गया है। आप सोच रहे होंगे कि ये देबाशीष दासगुप्ता कौन है। तो हम आपको बता दें कि देबाशीष दासगुप्ता को यश दासगुप्ता के नाम से भी जाना जाता है।

## सोशल मीडिया पर लग रहे थे कयास

अभी तक लोग यश दासगुप्ता के नाम पर सिर्फ कयास ही लगा रहे थे। सोशल मीडिया पर भी यूजर्स यश दासगुप्ता का नाम लेते थे। लेकिन अब ये आधिकारिक हो गया है कि यश दासगुप्ता ही नुसरत के बच्चे के पिता हैं। वहीं जब नुसरत को कोलकाता के भागीरथी नियोतिया अस्पताल से छुट्टी मिली तो यश ही नवजात को गोद में लिए हुए दिखाई दिए थे। दिलचस्प बात ये है कि यश दासगुप्ता भाजपा के सदस्य हैं और चंडीताला विधानसभा सीट से पश्चिम बंगाल चुनाव 2021 में पार्टी के टिकट पर चुनाव में खड़े थे पर हार गए।

## बच्चे के पति के नाम पर ये बोलीं थीं नसरत

इससे पहले, जब नुसरत जहां से बच्चे के पिता का नाम बताने के लिए कहा गया था, तो टीएमसी सांसद ने जवाब दिया, %मुझे लगता है कि यह पूछने के लिए एक अस्पष्ट सवाल है और एक महिला के रूप में किसी के चरित्र पर एक काला धब्बा डालता है, कि उसके बच्चे का बाप कौन है? पिता जानता है कि पिता कौन हैं और हम इस समय एक साथ अपना पेरेंटहुड एंजॉय कर रहे हैं। मैं और यश, हम एक अच्छा समय बिता रहे हैं।%



# खुफ़िया फ़िल्म से होगा विशाल भारद्वाज का ओटीटी डेब्यू

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा को ओमकारा, मक़बूल और हैदर जैसी फ़िल्में देने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब ओटीटी के पर्दे पर अपना कमाल दिखाने के लिए तैयार हैं। विशाल नेटफ्लिक्स की फ़िल्म खुफ़िया से ओटीटी पारी शुरू कर रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने इसका एलान कर दिया है, साथ ही स्टार कास्ट से भी परिचित करवाया है। खुफ़िया एक स्पाई फ़िल्म है, जिसमें खुफ़िया तंत्र के लिए काम करने वाले जासूसों की कहानी दिखायी जाएगी, जो अमर भूषण के उपन्यास एस्केप टू नोवेयर का सिनेमाई रूपांतरण है। विशाल, निर्देशन के साथ इस फ़िल्म का निर्माण भी कर रहे हैं। कहानी के केंद्र में कृष्णा मेहरा नाम का एक क्र»ड्ड एजेंट है, जिसे भारतीय रक्षा से जुड़े खुफ़िया दस्तावेज़ बेचने वाले दग़ाबाज़ को तलाशने की ज़िम्मेदारी दी जाती है। जासूस और प्रेमिका के किरदारों में कृष्णा दोहरी ज़िंदगी जीती है। फ़िल्म में तब्बू, अली फ़ज़ल, वमिका गब्बी और आशीष विद्यार्थी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फ़िल्म को लेकर विशाल ने कहा- खुफ़िया के ज़रिए मेरी कोशिश है कि ज़बरदस्त जासूसी थ्रिलर फ़िल्म बनाऊं, जिसमें इंटलीजेंस और सर्विलांस के साथ भावनात्मक गहराई हो। तब्बू विशाल के साथ कई प्रोजेक्ट्स में काम कर चुकी हैं। इस फ़िल्म को लेकर एक्ट्रेस ने कहा- इस स्पाई थ्रिलर के लिए मैं उत्साहित हूं। वीबी (विशाल भारद्वाज) के साथ करना हमेशा मज़ेदार होता है और मुझे घर वापसी जैसा महसूस होता है। बताते चलें कि वमिका गब्बी को दर्शक डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज़ ग्रहण में मुख्य किरदार में देख चुके हैं। नेटफ्लिक्स की ही सीरीज़ बाहुबली- बिफोर द बिगिनिंग में भी शिवगामी देवी के किरदार के लिए वमिका को कास्ट किये जाने की ख़बरें आयी थीं।नेटफ्लिक्स की फ़िल्म्स एंड लाइसेंसिंग डायरेक्टर प्रतीक्षा राव ने कहा कि विशाल की फ़िल्में विभिन्न किरदारों के बीच संघर्ष को दिखाने के लिए जानी जाती हैं। अब हमें विशाल की खुफ़िया का इंतज़ार है। बता दें, फ़िल्म का लेखन विशाल के साथ रोहन नरूला ने किया है।

# कुमार संगकारा ने किया स्वीकार



**इंग्लैंड के क्रिकेटर बेन स्टोक्स जोफ्रा आर्चर और जोस बटलर आईपीएल 2021 के दूसरे चरण में राजस्थान रायल्स के लिए एक्शन में नहीं दिखेंगे। अब देखना ये है कि यूएई की स्थितियों में गए नए खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करेंगे।**

**नई दिल्ली ।** दूसरे भाग से पहले राजस्थान रायल्स को उस समय बड़ा झटका लगा था, जब टीम के तीन प्रमुख खिलाड़ियों ने अपना नाम टूर्नामेंट से वापस ले लिया था। तीनों ही क्रिकेटर इंग्लैंड के हैं और तीनों ही खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के दावेदार था। जिन तीन खिलाड़ियों ने नाम वापस लिया था, उनमें तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, आलराउंडर बेन स्टोक्स और विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर का नाम शामिल है।आइपीएल 2021 के दूसरे चरण से अपना नाम वापस लेने वाले खिलाड़ियों में आर्चर चोटिल हैं, स्टोक्स मानसिक रूप से परेशान हैं, जबकि बटलर ने निजी कारण से दूरी बनाई है। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने पहले ही उनके रिप्लेसमेंट की घोषणा कर दी है, लेकिन यूएई की परिस्थितियों में ये देखना दिलचस्प होगा कि इन दिग्गज खिलाड़ियों की जगह टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं। राजस्थान रायल्स के क्रिकेट निदेशक ने भी माना है कि इन तीनों की कमी खेलेगी।टीम के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा है कि राजस्थान रायल्स की टीम को तीनों खिलाड़ियों की कमी यूएई लेग में खलेगी। संगकारा ने आइएएनएस से बात करते हुए कहा, हमारे अहम खिलाड़ियों के न होने से हमें टीम के संयोजन को फिर से बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अलग-अलग कारणो से हमारे कुछ खिलाड़ियों ने आइपीएल के दूसरे चरण में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है, लेकिन अब हम ऐसे खिलाड़ियों को टीम में लाना चाहते हैं जो न कि सिर्फ एक सीजन के लिए, बल्कि हमारे साथ हर सीजन में हमारे साथ रहें। संगकारा ने बताया, आर्चर चोट के चलते क्रिकेट से दूर हैं। हम चाहते हैं कि वह जल्दी ठीक हो जाएं। वह न केवल आरआर के लिए, बल्कि विश्व क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। मुझे लगता है कि विश्व क्रिकेट में जोफ्रा आर्चर को जल्दी वापस आना चाहिए। वहीं, हाल ही जोस बटलर फिर से पिता बने हैं तो संगकारा ने उन्हें बधाई दी है, जबकि नए खिलाड़ियो के बारे में उन्होंने कहा है कि अभी भी हमारे पास अच्छी टीम है, जिसमें वेस्टइंडीज की जोड़ी एविन लुइस और ओशेन थामस टीम के साथ जुड़े हैं, जबकि न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ग्लेन फिलिप्स और दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर तबरेज शम्सी को भी मौका मिला है।



# शाम को खोले जा सकते हैं बरगी बांध के गेट

**जबलपुर।** रानी अवन्ती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुये परियोजना प्रशासन ने आज गुरूवार की शाम बांध के गेट खोले जाने की संभावना व्यक्त की है तथा नर्मदा नदी के तटीय इलाकों के निवासियों को घाटों से दूर रहने और डूब क्षेत्र में प्रवेश न करने के लिये अलर्ट जारी किया है । कार्यपालन यंत्री रानी अवन्ती बाई लोधी सागर परियोजना अजय सूरे के अनुसार आज गुरुवार 16 सितंबर की सुबह 9 बजे बरगी बांध का जलस्तर 421.80 मीटर रिकार्ड किया गया था और इसके कैचमेंट एरिया में 51.62 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्षा की आवक को देखते हुए गुरुवार 16 सितंबर की शाम बरगी बान्ध के गेटों से एक हजार से डेढ़ हजार घन मीटर प्रति सेकण्ड की दर से पानी छोडे जाने की स्थिति निर्मित हो सकती है । इस कारण तटीय इलाकों मे एक मीटर से डेढ़ मीटर तक जल स्तर बढ़ सकता है । बांध से जल निकासी की संभावना को देखते हुये परियोजना प्रशासन ने निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मद तट से सुरक्षित दूरी बनाये रखने का अनुरोध किया है ।

# फास्ट्रेक की 425 नकली घड़िया जब्त

**जबलपुर, यशभारत। ओमती पुलिस ने फास्ट्रेक कंपनी की नकली घड़ियां जप्त की है। तीन दुकानदारों के पास से करीब तीन लाख की नकली घड़ियां बरामद की गई है।**

ओमती पुलिस ने तीन दुकानों में दबिश दी। तीनों दुकानों से कुल 425 ब्रांडेड नाम की नकली घड़ियां जब्त की। इसकी कीमत तीन लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। ओमती पुलिस ने तीनों दुकानदारों के खिलाफ कापी राइट एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। ओमती पुलिस के अनुसार ईआइपीआर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी सावरिया इंदौर निवासी मयंक शर्मा ने नकली घड़ियों को लेकर एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा से शिकायत की थी। एसपी के निर्देश पर बुधवार देर रात तुलाराम चौक में पर्ल ट्रेडर्स, क्वालिटी वाच और जयमाता दी टाईम्स घड़ी नाम की दुकानों की तलाशी ली गई। पर्ल ट्रेडर्स दुकान संचालक मुकेश चिमनानी के यहां से फास्ट्रेक कंपनी की हूबहू 237 घड़ियां, क्वालिटी वाच दुकान में संचालक रितेश कुमार सिंघानी के यहां से 114 और जय माता दी टाईम्स घड़ी दुकान के संचालक सुरेश जय सिंघानी के यहां से 74 नकली घड़ी जब्त की गई। आरोपियों के यहां से जब्त घड़ियों की कुल कीमत तीन लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। आरापित नकली घड़ी 700 से 1000 रुपए के बीच में ग्राहकों को बेच रहे थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कॉपराइट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच में लिया है।



**पर्ल ट्रेडर्स, क्वालिटी वॉच व जयमाता दी टाइम्स पर मामला दर्ज**

# पिता को पैरालाइसिस हुआ तो बेटा-बहू ने बाहर निकाला

जबलपुर। जीवन भर मेहनत कर बच्चों को लिखाया-पढ़ाया, सभी का जीवन बेहतर बने इसका ध्यान रखकर उनका भविष्य बनाया। पुत्र बुढ़ापे की लाठी का सहारा बने लेकिन ऐसे होने की वजाए अपने बीमार पिता को ही घर बेघर कर दिया। मामला रांझी सर्रापीपल क्षेत्र का है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे लकवा ग्रस्त पिता के साथ छोटी बहू नेहा बेन ने बताया कि ससुर मेवालाल बेन एमईएस में नौकरी करते थे। उनके रिटायरमेंट के बाद सर्रापीपल में बने मकान का बंटवारा 4 पुत्र और एक बहन के बीच कर दिया गया। लेकिन कुछ समय पूर्व ससुर मेवालाल को लकवा की शिकायत हो गई जिसमें वह ठीक से न बोल पाते हैं और न ही चल पाते है। इसी का फायदा उठाकर जेठ मनोज बेन और जेठानी मंजू बेन ने अगस्त माह में पिता सहित 3 बेटों को घर से भगा दिया। यही नहीं थाने में झूठी शिकायत कर देवरों पर प्रकरण दर्ज कराए। थाने में कोई सुनवाई नहीं, भटक रहे हैं पीड़िता नेहा बेन ने बताया कि रांझी में ढेरों शिकायतें की जा चुकी है लेकिन पुलिस कर्मी यह बोलकर थाने से भगा देते हैं कि पारिवारिक मामला है। हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि ससुर ने मकान का जो बंटवारा किया था उसमें सभी ससुर और सभी बेटे को रहने दिया जाए। ससुर लाचार है फिलहाल अपनी बेटी के यहां रह रहे हैं।





# बीडी ने कन्या पूजन से की अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक की शुरूआत

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज करौंदा बायपास स्थित संस्कार रिसॉर्ट में शुरू हुई बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ श्री शर्मा ने भाजपा के पितृ पुरूषों व मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात कन्याओं का पैर पूजन कार्यक्रम किया गया जिसमें श्री शर्मा ने कन्याओं का तिलक बंदन कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। दिन भर होने वाली इस बैठक के अलग अलग सत्रों में वक्ताओं द्वारा उपस्थितजनों को संबोधित किया जायेगा। बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव (राज्यसभा सांसद झारखंड), केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे, मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवँ प्रदेश प्रभारी चुन्नीलाल गरासिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भावर, राज्यसभा सांसद सुमेरसिंह सोलंकी, नंदनी मरावी की उपस्थित हैं।



## || केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगमन 18 को ||

# हाईअलर्ट पर पुलिस, चप्पे, चप्पे की निगरानी





**जबलपुर।** त्यौहार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की यात्रा को देखते हुए पुलिस हाइअलर्ट पर है। देश में पाकिस्तान की आतंकी साजिश का राजफाश होने के बाद से पुलिस अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 18 सितंबर को जबलपुर आ रहे हैं। वे यहां उज्जवला योजना के दूसरे चरण की शुरुआत करेंगे और हितग्राहियों से संवाद करेंगे। तैयारियों को लेकर प्रशासन सभी जरूरी तैयारियां समय पर पूरा करने में जुटा है। संभागायुक्त चन्द्र शेखर,आई जी उमेश जोगा,कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा,निगमायुक्त संदीप जीआर लगातार जायजा ले रहे हैं। राजा शंकरशाह व कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उनकी यात्रा और त्योहारों को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने अधिकारियों को अतिरिक्त सुरक्षा बरतने के निर्देश दिए हैं। देश में पाकिस्तान की आतंकी साजिश का राजफाश होने के बाद अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। अधिकारियों को भीड़-भाड़ वाले स्थान, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग का अभियान चलाने के लिए कहा गया है।आज सुबह से ही पुलिस चौकस है। शहर छावनी में तब्दील हो गया है । रेलवे स्टेशन ,माल गोदाम ,गैरीसन ग्राउंड ,वेटेनरी कॉलेज ग्राउंड,शहीद स्मारक ग्राउंड क्षेत्र में सुबह से पुलिस बल मौजूद है। आज सुबह पुलिस लाईन में अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए और हर पल अलर्ट रहने को कहा गया है।

**फोटो- अशोक बर्मन**

# प्रस्तावित शुल्क विद्युत अधिनियम के तहत नहीं, यह गैरकानूनी

**जबलपुर।** विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 45 के तहत विद्युत शुल्क का निर्धारण होता है। इसके अनुसार शासन द्वारा तय की गई विधी एवं सिद्धांत के आधार पर यह विद्युत शुल्क तय किया जाता है। चूंकी शासन ने ऐसी विधि तय नहीं की है, इस कारण बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तावित बिजली शुल्क में वृद्धि गैर कानूनी है ।यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाज पांडे ने विद्युत नियामक आयोग को भेजी है ।डॉ. पीजी नाज पांडे ने बताया कि बिजली की दरों के निर्धारण में यह विद्युत शुल्क निर्धारण शामिल नहीं है। अत: नियामक आयोग को इस बाबद मध्य प्रदेश शासन से जवाब मांगा जाना चाहिये था। सच्चाई यह है कि बिजली कंपनियों को मप्र शासन से लगभग 13000 करोड़ लेना है, बिजली कंपनियों के घाटे के पीछे यह सबसे बड़ा कारण है। इसी कारण उन पर बिजली कनेक्शन सर्विस चार्ज मे वृद्धि करने की नौबत आयी है ।लेकिन आयोग ने इस पर चुप्पी साधी है। रजत भार्गव, डी. आर. लखेरा, अनील पचौरी तथा राममिलन शर्मा ने प्रस्तावित वृद्धि को वापिस लेने की मांग की है।,

## केंद्र की योजना जबलपुर में तीन साल बाद भी जहां की तहां

# स्कूलों के नहीं बदले डाइस कोड , बैंक एकाउंट

**जबलपुर।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी एक शाला-एक परिसर योजना मध्यप्रदेश में फेल हो गई। योजना मध्यप्रदेश, झारखण्ड और उड़ीसा में एक साथ शुरू हुई थी। जबलपुर जिले अकेले में इस योजना के तहत 546 विद्यालयों को एक शाला, एक परिसर बनाया गया जिसमें 648 ऐसे स्कूलों को समाहित किया गया जो एक भवन में होने के बाबजूद अलग-अलग संचालित हो रहे थे। परंतु यह योजना सिर्फ कागजों में मूर्त रूप ले पाई। धरातल में यह योजना फेल हो गई, क्योंकि आज भी डाइस कोड सहित बैंक एकाउंट भी अलग-अलग खुले हैं, जबकि योजना के तहत सब काम एक होना था।

### सितंबर 2018 में हुई योजना

नीति आयोग भारत सरकार ने शिक्षा में एकरूपता लाने के लिए मप्र, उड़ीसा और झारखण्ड में एक साथ सितंबर 2018 में एकीकृत शाला योजना शुरू की थी। योजना का मकसद था कि एक भवन में संचालित होने वाले स्कूलों को एक कर शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए।

### योजना के तहत ये होना था

प्रायमरी, माध्यमिक, हाई व हायर सेकंडरी परिसर के अंदर एक ही समय पर एक साथ संचालित होना था, प्रधानाध्यापकों को कक्षाएं लेने का प्रावधान था ।सभी शिक्षकों की एक ही उपस्थिति पंजी, शिक्षकों के पदनाम का वर्गीकरण नहीं होना था। बच्चों की प्रवेश पंजी के साथ स्कूलों का डाइस कोड व बैंक खाते भी एक होना था।

### अब तक ये काम हुआ

योजना के तहत जबलपुर सहित अन्य जिलों की बात करें तो सिर्फ स्कूलों के बोर्ड बदले गए और सभी स्कूलों में जब एक शाला, एक परिसर लिखकर बोर्ड टांग दिए गए। डाइस कोड के साथ प्रधानाध्यापक भी नहीं बदले गए हैं।

### एक नजर जिले के स्कूलों में

- 546 स्कूल एक शाला एक परिसर बनी है इसके अंतर्गत 648 स्कूल इसमें शामिल हुए -300 प्राथ-माध्यमिक, हाई व हायर सेकंडरी को मर्ज किया गया - 648 स्कूलों को बंद कर दिया गया, जबकि 1266 ऐसे स्कूल स्वतंत्र संचालित हो रहे हैं - जिले में कुल 2200 प्राथमिक, माध्यमिक 546,हायर सेकंडरी-99और हाईस्कूल 97।

एक शाला एक परिसर के तहत जहां कमजोरियां वहां दूर किया जा रहा है, जल्द ही स्कूलों में यह योजना बेहतर ढंग से संचालित होगी।

**अजय दुबे, अतिरिक्त परियोजना अधिकारी डीईओ ऑफिस जबलपुर**




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )